शनिवार, 7 मार्च 2026

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष
चतुर्थी, वि.स. 2082,
पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

सुविचार : इज्जत पाने से अधिक कठिन होता है उसे संभालकर रखना।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ चार, पांच और छः पर




## पश्चिम बंगाल में गरीब कल्याण सुनिश्चित

1. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 6+ करोड़ लाभार्थियों को हर माह मुफ्त अनाज, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित
2. लगभग 1 करोड़ घरों तक नल से स्वच्छ जल और 1.2 + करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन से धुआँ - मुक्त रसोई, उत्तम स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित
3. पीएम आवास योजना के तहत 52 लाख परिवारों को पक्के घर, अपने घर का सपना हो रहा पूरा
4. 5.5+ करोड़ जन धन खाते खुले, वित्तीय समावेशन और पारदर्शिता को मजबूती
5. 1.5+ करोड़ लोग प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत कवर
6. 3.4+ करोड़ लोग प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और लगभग 65 लाख अटल पेंशन योजना के तहत कवर, दुर्घटना बीमा और आर्थिक सुरक्षा मजबूत
7. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 2.5 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण सहायता, आत्मनिर्भरता और आजीविका को बढ़ावा
8. सौभाग्य योजना के तहत 100% घरों में बिजली कनेक्शन, अब हर घर रोशन



विकसित बंगाल
विकसित भारत
पीएम मोदी का संकल्प

CBC 44101/13/0018/2526

"भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं।"

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## भाजपा के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने की तैयारी

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्तधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। निस्संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बहरहाल, अब तक विधान परिषद, बिहार विधानसभा और लोकसभा का सदस्य रहने के बाद, वे राज्यसभा के भी सदस्य बन जाएंगे। वहीं राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस बिहार की सत्ता में होने वाले बदलाव को जनता के साथ छल बता रही है। इसे जनादेश के विरुद्ध कदम बताया जा रहा है। वहीं आरजेडी की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम से बिहार की जनता हतप्रभ है। यह सब भाजपा के विधानसभा में संख्याबल के दबाव में होना था, लेकिन यह इतना जल्दी हो जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। वे इसे जेडीयू के संकुचन की शुरुआत बता रहे हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 मार्च, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष चतुर्थी, 19:21 तक, नक्षत्र : चित्रा, 11:12 तक, योग : वृद्धि, 06:48 तक, सूर्योदय: 05:54, सूर्यास्त: 17:42, चन्द्रोदय : 21:14, चन्द्रास्त: 07:53, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 08:52 से 10:19

## राशिफल

**मेष :** प्रगति काफी प्रभावशाली रहेगी। ग्यारहवें घर में ग्रहों की युति आपको एक दूरदर्शी लीडर के रूप में स्थापित करेगी। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

**वृष :** करियर में स्थिरता और तरक्की के योग हैं। दशम भाव की ऊर्जा ऑफिस में आपकी साख बढ़ाएगी। महिलाओं के नेतृत्व वाली टीम से आपको विशेष लाभ मिल सकता है।

**मिथुन :** रिसर्च और प्लानिंग से प्रोग्रेस होगी। वक्री बुध के कारण बातचीत में सावधानी रखें। विदेशी प्रोजेक्ट्स या उच्च शिक्षा से जुड़े जातकों को सफलता मिलेगी।

**कर्क :** आपकी तरक्की पर्दे के पीछे रहकर की गई मेहनत पर टिकी है। टीम के साथ तालमेल बिठाने में तुला के चंद्रमा आपकी मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र के विस्तार पर आपका पूरा जोर रहेगा।

**सिंह :** पार्टनरशिप और टीमवर्क आज आपकी सफलता की कुंजी है। प्रोफेशनल वर्ल्ड में आपका प्रभाव बढ़ेगा। प्रतिभागियों पर आपकी कूटनीतिक भारी पड़ेगी।

**कन्या :** अनुशासन और समय प्रबंधन से तरक्की होगी। कार्यस्थल पर काम का दबाव बढ़ सकता है, लेकिन आपकी कार्यकुशलता आपको विजय दिलाएगी। फिजूलखर्ची पर लगाम लगाएं।

**तुला :** आपकी राशि में चंद्रमा का गोचर आपको मानसिक मजबूती और निर्णय लेने की शक्ति देगा। क्रिएटिविटी और नई सोच से आप अपने कंपटीटर्स से आगे निकल जाएंगे।

**वृश्चिक :** करियर में तरक्की, घर और ऑफिस के बीच तालमेल बिठाने से होगी। रियल एस्टेट या इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े लोगों के लिए दिन बड़ी कामयाबी वाला है।

**धनु :** साहस और पराक्रम से करियर को नई दिशा मिलेगी। मार्केटिंग और सेल्स के क्षेत्र में आप कोई बड़ी डील क्रैक कर सकते हैं। सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा।

**मकर :** आपकी मीठी बोली और फाइनेंशियल मैनेजमेंट स्किल्स करियर को मजबूती देगा। आप एक 'फाइनेंशियल आर्किटेक्ट' की तरह अपनी प्रोफेशनल लाइफ को संवारेंगे।

**कुम्भ :** तरक्की के लिए यह एक क्रांतिकारी समय है। आपकी अपनी राशि में पंचग्रही युति आपको लाइमलाइट में लाएगी। तकनीकी नवाचारों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन :** आज तरक्की, गहन रिसर्च और पर्दे के पीछे की गई प्लानिंग से हो रही है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों या तकनीकी कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स पर काम करें।

# किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास



जगत प्रकाश नड्डा

जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ।

किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है।

वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80-90% है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं।

पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है; यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ, यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50% से 80% तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं।

योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना

भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे।

कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।

यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं।

गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके।

एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे।

तीन स्तंभों - पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत - पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता और अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं, बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है।

'विकसित भारत 2047' दृष्टि के तहत मुख्य ध्यान इस बात पर है कि हर किसी के लिए एक सुदृढ़, न्यायसंगत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाई जाए। इसमें बेहतर अस्पताल, कम चिकित्सा खर्च, उपचार तक आसान पहुंच और सस्ती दवाओं की उपलब्धता शामिल हैं। बहु-क्षेत्रीय सहयोगों के जरिये, पीएमबीजेपी ने यह साबित किया है कि सही संस्थागत दृष्टि के साथ, स्वास्थ्य सेवा उच्च गुणवत्ता युक्त और सार्वभौमिक रूप से सुलभ दोनों हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह परियोजना प्रगति करती रहे और किफायती स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मॉडल के रूप में अपनी स्थिति को निरंतर बनाए रखे।

(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं)

# विदेश की खबरें

## राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी भारी जीत की ओर अग्रसर, बालेंद्र शाह बन सकते हैं नेपाल के अगले प्रधानमंत्री



**काठमांडू :** रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) शुक्रवार को नेपाल में सितंबर में हुए हिंसक 'जनरेशन जेड' के विरोध प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनावों में भारी जीत की ओर अग्रसर हैं। इस विरोध प्रदर्शन के कारण के. पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से हटना पड़ा था। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, चुनाव आयोग के पास कुल 165 निर्वाचन क्षेत्रों में से 144 निर्वाचन क्षेत्रों से उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, आरएसपी ने तीन सीटें जीती हैं और 104 अन्य सीट पर आगे चल रही है।

## इंडोनेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जाएगा

**जकार्ता :** इंडोनेशिया की संचार और डिजिटल मामलों की मंत्री मेउत्या हाफिद ने शुक्रवार को कहा कि देश में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। हाफिद ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि उन्होंने अभी-अभी एक सरकारी नियम पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका मतलब है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चे अब यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, बिगो लाइव और रोब्लोक्स जैसे जोखिम भरे डिजिटल मंचों पर अकाउंट नहीं बना सकेंगे।

## भारत ने कोच्चि में ईरानी पोत को आपातकालीन 'डॉकिंग' की मंजूरी दी, चालक दल के ठहरने की व्यवस्था की

**नयी दिल्ली :** भारत ने कोच्चि में एक ईरानी पोत को आपातकालीन स्थिति में खड़े होने की अनुमति दी है और इसके चालक दल के 183 सदस्यों के लिए ठहरने की व्यवस्था की है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि 'आइरिस लावन' नामक पोत में तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो गईं और ईरानी पक्ष के अनुरोध के बाद एक मार्च को इसे आपातकालीन 'डॉकिंग' की मंजूरी दी गई। श्रीलंका के अपतटीय क्षेत्र में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा टॉरपीडो दागकर ईरानी युद्धपोत 'आइरिस डेना' को डुबोए जाने से कुछ दिन पहले ईरान की ओर से 'आइरिस लावन' के संबंध में भारत से संपर्क किया गया था। 'आइरिस डेना' भारत द्वारा आयोजित 'मिलन' नामक बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद वापस जा रहा था। इस पर हुए हमले में कम से कम 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए। सूत्रों के अनुसार, श्रीलंका के दक्षिण में 'आइरिस डेना' पर हुए हमले से कुछ दिन पहले, ईरान ने भारत से 'आइरिस लावन' को शरण देने का अनुरोध किया था, जो 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू' के लिए उस क्षेत्र में मौजूद था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध 28 फरवरी को प्राप्त हुआ था, जिसमें यह संकेत दिया गया था कि कोच्चि में रुकना अत्यावश्यक है क्योंकि पोत में तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो गई थीं।

### भारतीय नौसेना की ओर से ईरानी युद्धपोत के बारे में खुफिया जानकारी देने संबंधी दावा 'निराधार'

**नयी दिल्ली :** सरकार के शीर्ष सूत्रों ने उन दावों को ''निराधार और हास्यास्पद'' बताया कि भारतीय नौसेना ने दो दिन पहले श्रीलंका तट पर अमेरिकी सैन्य पनडुब्बी द्वारा डुबोए गए ईरानी युद्धपोत के बारे में अमेरिका को खुफिया जानकारी प्रदान की थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अमेरिका को कोई भी जानकारी देने का सवाल ही नहीं उठता और ये दावे पूरी तरह निराधार हैं। अमेरिका ने बुधवार को श्रीलंका के तट पर ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया।

## भारतीय मूल के सर्जन ने ब्रिटेन की पहली दूरस्थ रोबोटिक सर्जरी का नेतृत्व किया



**लंदन :** लंदन स्थित भारतीय मूल के एक सर्जन ने ब्रिटेन की पहली दूरस्थ रोबोटिक सर्जरी के तहत लगभग 2,400 किलोमीटर दूर जिब्राल्टर में मौजूद मरीजों की सफलतापूर्वक सर्जरी करके चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया। लंदन क्लिनिक के 'रोबोटिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के प्रमुख और विश्व के अग्रणी रोबोटिक यूरोलॉजिकल सर्जन प्रोफेसर प्रोकर दासगुप्ता ने कहा कि उनके दो प्रायोगिक मामले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदारी के साथ उपयोग के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने बुधवार को 52 वर्षीय एक अज्ञात मरीज की प्रोस्टेटेक्टॉमी (प्रोस्टेट ग्रंथि का आंशिक या पूर्ण निष्कासन) की, इससे पहले 11 फरवरी को भी एक सफल प्रक्रिया की गई थी। दासगुप्ता ने कहा, ''एक साल की योजना के बाद यह टीम बनाकर कार्य करने, मित्रता, अंतरराष्ट्रीय दृढ़ संकल्प और जिम्मेदार एआई का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।''

## अमेरिका में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.4 फीसदी हुई, नियोक्ताओं ने 92,000 नौकरियों में कटौती की

**वॉशिंगटन :** अमेरिका में पिछले महीने नियोक्ताओं ने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की, जिससे संकेत मिलता है कि श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इस दौरान बेरोजगारी दर बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि भर्ती की रफ्तार जनवरी की तुलना में कमजोर हुई है। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नई नौकरियों की उम्मीद की थी। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल रोजगार बाज़ार में सुधार होगा, क्योंकि 2025 में अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त रही थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अनियमित टैरिफ नीतियों और ऊंची ब्याज दरों के लंबे असर से प्रभावित अर्थव्यवस्था में औसतन हर महीने केवल 15,000 नौकरियां ही पैदा हुई थीं।

## भारत को हुए तेल निर्यात का आंकड़ा सार्वजनिक नहीं करेंगे: रूस



**मॉस्को :** रूस ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत को किए जाने वाले कच्चे तेल निर्यात के आंकड़े सार्वजनिक नहीं करेगा और इसे 'बहुत से बुरा चाहने वालों' से छिपाकर रखेगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने यह टिप्पणी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के उस बयान के बाद की जिसमें पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट देने की बात कही गई है। पेसकोव ने भारत को दिए गए तेल के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''नहीं, हम साफ वजहों से मात्रा का कोई आंकड़ा नहीं देने जा रहे हैं। यह पहली बात है। बुरा चाहने वाले बहुत लोग हैं।'' उनसे भारत की मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी, जिनमें कहा गया था कि रूस एक सप्ताह में भारत को 2.2 करोड़ बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति करने में सक्षम है। इससे पहले रूस के सरकारी टेलीविजन ने बृहस्पतिवार को एक मानचित्र जारी किया था, जिसमें अरब सागर से बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ते कई टैंकर दिखाए गए थे। ये टैंकर कथित तौर पर भारत के पूर्वी तट पर स्थित रिफाइनरी की ओर जा रहे थे। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि उनका देश भारत और चीन को कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए तैयार है, क्योंकि अमेरिका-इजराइल हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल परिवहन लगभग बाधित हो गया है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने दूसरे जहाज पर सवार 204 ईरानी कर्मियों को 'सुरक्षित' कोलंबो पहुंचाया




**कोलंबो :** श्रीलंका नौसेना ने शुक्रवार को कहा कि 'आईआरआईएनएस बुशहर' जहाज पर सवार 208 ईरानी कर्मियों में से 204 को कोलंबो बंदरगाह पर ''सुरक्षित रूप से'' स्थानांतरित कर दिया गया है। यह घटना श्रीलंका के पास एक अन्य ईरानी नौसैनिक पोत (फ्रिगेट) के डूबने के दो दिन बाद हुई है। नौसेना ने बताया कि चार नौसैनिक अब भी जहाज पर ही हैं। इस जहाज के एक इंजन में खराबी आ गयी थी। नौसेना ने कहा कि जहाज को राजधानी कोलंबो के बाहर स्थित अपने वर्तमान स्थान से पूर्वी बंदरगाह त्रिंकोमाली तक पहुंचने में कम से कम दो दिन और लगेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3371

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | | ■ | 26 | |
| 27 | | 28 | ■ | 29 | | | 30 | ■ | |
| | ■ | 31 | | | ■ | 32 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) अपरिमित, 3) रोमांचित, 6) घूसख़ोर, 8) एक धातु, 9) धनुष की डोरी, 10) चमड़ा, 12) मोहलत ; छूट, 15) अल्पभार, 17) शासन, 19) पुत्र, 20) उलटी, 23) ख़िदमत, 24) रोटी सेंकने का लोहे का गोल पात्र, 26) कार्यदिशा, 27) जायज़; ग्रहणीय, 29) खलबली, 31) जाँघ और टाँग के बीच का जोड़, 32) मनोनीत.

*ऊपर से नीचे:-* 2) रुग्णसेविका, 3) पूर्वज, 4) एक भार माप एकक, 5) खलबली, 7) मग्न, 9) कोशिश, 11) एक मसालेदार जड़, 13) सुरक्षित; नामचिन्हित, 14) चिंता, 16) बुरी आदत, 18) रक्षक, 21) मन ही मन कुढ़ना, 22) खंडन; वादी के जवाब का जवाब, 23) विवाह का मुकुट, 25) लालसा, 28) छोटा, 30) आधा; एक कडुआ पेड़.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल्ला | ■ | दे | हा | व | सा | न | ■ | वि |
| ल | ■ | बा | र | ■ | ज | ■ | दी | वा | ना |
| फ़ | त | ह | ■ | मा | न | ना | ■ | ला | श |
| ना | ■ | र | बी | ■ | द | ल | न | ■ | का |
| मा | स | ■ | मा | हि | र | ■ | ट | प | री |
| ■ | त | स्क | र | ■ | ■ | प | ना | ह | ■ |
| जी | त | ■ | ■ | सि | या | र | ■ | लू | ला |
| व | ■ | भा | र | त | ■ | वा | स्ता | ■ | ज़ि |
| न | गा | ड़ा | ■ | म | र्दा | ना | ■ | गु | म |

## सुडोकू-पहेली-3329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| 7 | 4 | | | | | | | 8 |
| | | | 6 | 2 | | | 5 | |
| | | 2 | | 7 | | | | 9 |
| | | 8 | | | | | | |
| | | | 7 | 8 | 3 | | | |
| | | | | 9 | | | | 4 |
| 6 | | | | | | | | 7 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3328 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 5 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 31 |
| आर्द्रता | 68% |
| सूर्योदयः 05:54 | सूर्यास्तः 17:42 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




सरकार ने रिफाइनरियों पर लगाया एस्मा, एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का दिया निर्देश पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर

सुविचार : इज्जत पाने से अधिक कठिन होता है उसे संभालकर रखना।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## असम के कार्बी आंगलोंग में सुखोई-30 एमकेआई विमान दुर्घटना में वायु सेना के दो पायलट की मौत

**नयी दिल्ली :** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से भारतीय वायुसेना के दो पायलट की मौत हो गई। भारतीय वायु सेना ने रूस द्वारा निर्मित विमान के लापता होने के एक दिन बाद शुक्रवार को स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मौत की पुष्टि की। इस लड़ाकू विमान ने बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण उड़ान के लिए जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और कुछ ही समय बाद यह रडार से गायब हो गया था। भारतीय वायु सेना मुख्यालय ने दुर्घटना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का आदेश दिया। भारतीय वायु सेना ने एक संक्षिप्त बयान में बताया, सुखोई-30 दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। बयान में बताया गया, भारतीय वायु सेना के सभी कर्मी शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और इस दुख की घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। अधिकारियों ने बताया था कि बृहस्पतिवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर विमान से संपर्क टूट गया था। भारतीय वायु सेना ने शुक्रवार को लगभग एक बजे रडार से गायब हुए सुखोई-30 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सुखोई-30 के दुर्घटनाग्रस्त होने में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट दुरागकर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, राष्ट्र के प्रति उनके साहस व सेवा को हमेशा गर्व और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा। मेरी हार्दिक संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। यह लड़ाकू विमान, पूर्वोत्तर राज्य के तेजपुर शहर में एक स्क्वाड्रन का हिस्सा था। फ्लाइट लेफ्टिनेंट दुरागकर दस दिन पहले परिवार से मिलने के लिए नागपुर स्थित अपने घर गए थे। उनके शोक संतप्त पिता रवींद्र दुरागकर ने बताया कि बुधवार को ही उनकी अपने बेटे से आखिरी बार फोन पर बातचीत हुई थी। उन्होंने यह भी बताया कि उनके 28 वर्षीय बेटे ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भाग लिया था।



### सीआईएसएफ देशभर के समुद्री बंदरगाहों की सुरक्षा की निगरानी करेगी : अमित शाह

**मुंडली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा देश भर के विभिन्न बंदरगाहों की सुरक्षा की निगरानी किये जाने की घोषणा की। शाह ने सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस पर संबोधन में कहा कि यह सुरक्षा बल पहले से ही 71 हवाई अड्डों, संसद परिसर और गुजरात के केवडिया के पास स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' सहित 361 महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा कर रहा है।

## भारतीय कृषि को निर्यात आधारित, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को किसानों से भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का लाभ उठाने और उच्च मूल्य वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर देश के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। 'कृषि और ग्रामीण परिवर्तन' पर बजट के बाद आयोजित एक वेब गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मानकों के सभी पहलुओं पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों को एक साथ आना होगा। प्रधानमंत्री ने बजट के बाद अपनी तीसरी वेब गोष्ठी में कहा, ''आज दुनिया के बाजार खुल रहे हैं और वैश्विक मांग बदल रही है... कृषि को निर्यातोन्मुख बनाने पर अधिक चर्चा करना आवश्यक है। हमारे पास विविध जलवायु है और हमें इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। हम कृषि-जलवायु क्षेत्रों के मामले में समृद्ध हैं।'' मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में काजू, कोको और चंदन सहित उच्च मूल्य वाली कृषि पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सभी कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, ''यदि हम उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाते हैं, तभी हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो रही है और समग्र स्वास्थ्य सेवा तथा जैविक भोजन पर उनका विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा, ''हमें रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती पर अधिक जोर देना चाहिए। प्राकृतिक खेती दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचने का रास्ता बनाती है।'' मोदी ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है, और सरकार ने कृषि क्षेत्र को लगातार मजबूत किया है। उन्होंने कहा, ''लगभग 10 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं।''

## ईरान युद्ध के बीच अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दी

- **छूट के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने दो करोड़ बैरल रूसी तेल खरीदा**

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका ने कहा कि वह भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए अस्थायी रूप से 30 दिनों की छूट दे रहा है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बृहस्पतिवार को कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊर्जा एजेंडे के कारण तेल और गैस का उत्पादन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए अस्थायी रूप से 30 दिन की छूट दे रहा है।'' उन्होंने कहा कि यह ''सोच-समझकर उठाया गया अल्पकालिक कदम'' है और इससे रूसी सरकार को कोई बड़ा वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि यह केवल तेल के उन लेनदेन को अधिकृत करता है जो पहले से समुद्र में फंसे हुए तेल से जुड़े हैं।

### घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े दाम, 60 रुपये की बढ़ोतरी, ईरान युद्ध का इम्पैक्ट

**नई दिल्ली :** घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में भारी बढ़ोतरी हुई है। 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ गए हैं। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़कर 913 और कोलकाता में 53 रूपये बढ़कर 940.50 रुपये हो गई है। नया रेट आज से लागू हो गया है। सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बीच यह बढ़ोतरी हुई है।

## कच्चे तेल में उबाल से शेयर बाजार फिसला, सेंसेक्स 1,097 अंक टूटा

**मुंबई :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन शुक्रवार को निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,097 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 315 अंक लुढ़क गया। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी एवं यूरोपीय बाजारों में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ।

## अनुज अग्निहोत्री ने सिविल सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, 958 उम्मीदवार सफल



**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा शुक्रवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में एम्स से स्नातक अनुज अग्निहोत्री ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राजेश्वरी सुवे एम और अकांश ढुल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अग्निहोत्री ने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा में सफलता हासिल की। उन्होंने राजस्थान के जोधपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) से एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) की उपाधि प्राप्त की है। अग्निहोत्री ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा स्थित अपने आवास से 'पीटीआई-भाषा' को बताया, मैं इस उपलब्धि से बेहद खुश हूं। यह एक अविश्वसनीय एहसास है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को देते हुए कहा कि वे ही उनकी प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा, उन्होंने (परिवार ने) मुझे और मेरे प्रयासों को प्राथमिकता दी और यह सुनिश्चित किया कि मैं परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करूं। मैं यह उपलब्धि अपने परिवार को समर्पित करता हूं। चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ईईई) में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) की डिग्री प्राप्त करने वाली राजेश्वरी ने समाजशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक (बीकॉम) की उपाधि प्राप्त करने वाले अकांश ने वाणिज्य और लेखाशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंतिम रूप से सफल उम्मीदवारों में शीर्ष पांच में एक महिला और चार पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। राघव झुनझुनवाला और ईशान भटनागर ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सिविल सेवा परीक्षा, 2025 में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने वाले सभी उम्मीदवारों को बधाई दी और कहा कि उनके समर्पण, दृढ़ता और कड़ी मेहनत ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को संभव बनाया है। मोदी ने कहा कि जो लोग उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए, उनके लिए यह एक लंबी यात्रा का सिर्फ एक कदम है और आगे कई अवसर मौजूद हैं, भविष्य की परीक्षाओं में भी और उन अनेक क्षेत्रों में भी जिनके माध्यम से वे राष्ट्र के प्रति योगदान दे सकते हैं।

## भाजपा बंगाल की मतदाता सूची से एक करोड़ नाम हटाने की साजिश रच रही है : ममता

**कहा... 'भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को करूंगी बेनकाब'**

- **मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम मनमाने ढंग से हटाने के खिलाफ मुख्यमंत्री ने शुरू किया धरना**
- **मुख्यमंत्री ने धरनास्थल पर बितायीं रात**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के प्रयास में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से राज्य की मतदाता सूची से 1 करोड़ से अधिक लोगों के नाम हटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू करते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के तहत तार्किक विसंगति की आड़ में, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बड़ी संख्या में महिलाओं, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के लोगों, मुसलमानों और बिहारी जैसे भाषाई समुदायों के नामों को हटा दिया है, जो 2002 के बाद दशकों से राज्य में मतदान करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे (भाजपा) इस बार मतदाता सूची से 1.3 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाने की योजना बना रहे हैं, लेकिन हम लड़ेंगे और ऐसा नहीं होने देंगे। मुझे पता है कि यह एक राजनीतिक लड़ाई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त को 'वैनिश कुमार' बताते हुए, उन्होंने कहा कि वह आने वाले दिनों में 'फिनिश कुमार' बन जाएंगे। उन्होंने संकेत दिया कि उनका कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो जाएगा। ममता ने कहा कि बंगाल में चुनाव आयोग के दो प्रतिनिधि भी लोगों को मतदान करने से रोकने की शाह की साजिश में शामिल हैं। मुझे जानकारी मिली है कि अमित शाह लगभग हर दिन अधिकारियों को फोन कर उन्हें धमकी दे रहे हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने किसी भी अधिकारी का नाम लेकर उनकी पहचान नहीं बताई। उन्होंने दावा किया कि मुसलमानों से लेकर प्रवासियों, महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और मतुआओं तक, लाखों नागरिकों के नाम हटा दिए गए थे, और पूछा कि यह किस ओर इशारा करता है? उन्होंने दावा किया कि दार्जिलिंग पहाड़ियों में 50,000 गोरखाओं के नाम हटा दिए गए। टीएमसी प्रमुख ने शाह और कुमार को 'महिला विरोधी' बताया। ममता ने कहा कि पूरक सूचियां, जिनमें उन मतदाताओं के नाम शामिल हैं जो विचाराधीन हैं, अभी तक जारी नहीं हुई हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) द्वारा अंतिम रूप दी गई सूची में दिल्ली में हेरफेर किया गया और कुछ नाम हटा दिए गए, और यह काम शाह ने किया।

## इजराइल ने ईरान और लेबनान पर कई हमले किये

**ईरान के ''बिना शर्त आत्मसमर्पण'' करने तक कोई समझौता नहीं होगाः ट्रंप**



**दुबई :** इजराइल ने शुक्रवार को ईरान और लेबनान की राजधानियों पर हवाई हमले किये जबकि अमेरिका ने ईरान के युद्धपोतों के बेड़े के खिलाफ अपने निरंतर अभियान के तहत समुद्र में एक ईरानी ड्रोन वाहक पोत पर हमला किया। ईरान ने पूरे सप्ताह चली बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में फिर से जवाबी हमले शुरू कर दिये। इन हमलों के बारे में अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी कि बमबारी ''तेजी से बढ़ने वाली है''। इजराइल की सेना ने शुक्रवार की सुबह कहा कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान पर ''बड़े पैमाने पर हवाई हमले'' शुरू कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने इजराइली हवाई हमलों को बहुत तेज बताया, जिससे इलाके में स्थित कई आवासीय इमारतों में कंपन हुआ। अन्य लोगों ने ईरान के करमानशाह शहर के आसपास विस्फोटों की सूचना दी है। इजराइली सेना ने कहा कि हमलों में ईरान के ज्यादातर हवाई रक्षा प्रणाली और मिसाइल लॉन्चर नष्ट हो चुके हैं। इस युद्ध से पश्चिम एशिया में स्थित विभिन्न देश प्रभावित हुए हैं। शुक्रवार की सुबह ईरान ने कुवैत, कतर, सऊदी अरब और बहरीन पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये। इसमें किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। इजराइल ने लेबनान में बृहस्पतिवार देर रात से शुक्रवार की सुबह तक बेरूत के दक्षिणी उपनगरों और अन्य क्षेत्रों में कई हवाई हमले किये। अमेरिका और इजराइल के हमलों से ईरान बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इन हमलों के जरिये उसकी सैन्य क्षमताओं, नेतृत्व और परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया गया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान के ''बिना शर्त आत्मसमर्पण'' करने तक उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा। ट्रंप ने कहा, उसके बाद, और एक महान एवं स्वीकार्य नेता के चयन के बाद, हम तथा हमारे कई अद्भुत और बहादुर सहयोगी एवं साझेदार ईरान को विनाश के कगार से वापस लाने के लिए अथक प्रयास करेंगे, और इसे आर्थिक रूप से पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर एवं मजबूत बनाएंगे।

### भारतीय एयरलाइन ने 278 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच सरकार ने कहा है कि घरेलू एयरलाइनों का शुक्रवार को वहां के लिए 96 उड़ानें परिचालित करने का कार्यक्रम है, जबकि एयरलाइनों ने आज 278 अंतरराष्ट्रीय सेवाएं रद्द कर दी हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उड़ान परिचालन बाधित हुआ है क्योंकि वहां पाबंदियों के साथ हवाई क्षेत्र भी बंद किया गया है। कुछ एयरलाइनों ने इस क्षेत्र के लिए सीमित उड़ानें शुरू की हैं, जहां पिछले कुछ दिनों में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ गया है। नागरिक विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया के मौजूदा घटनाक्रम और परिणामस्वरूप हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण कई क्षेत्रों में उड़ान परिचालन प्रभावित हुआ है।






# घुसपैठियों को बचाने के लिए कोलकाता में धरने पर बैठी हैं ममता : गिरिराज सिंह

❑ **केंद्रीय मंत्री का आरोप, माकपा और तृणमूल दोनों ने राज्य में 'गुंडागर्दी' को बढ़ावा दिया**

**पश्चिम मेदिनीपुर :** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए शहर के बीचोंबीच धरना देने का आरोप लगाया। इस दिन, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के नारायणगढ़ में गिरिराज सिंह ने एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों के साथ बातचीत में दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस जल्द ही सत्ता से बाहर हो जाएगी। उन्होंने



'तृणमूल कांग्रेस द्वारा संरक्षित राज्य के पक्षपाती सरकारी अधिकारियों और गुंडों' को चेतावनी दी कि वे अपना रवैया सुधार लें, वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि ममता को सिर्फ मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखने वाले घुसपैठियों को बचाने में दिलचस्पी है, जो उनके वोट बैंक का बड़ा हिस्सा हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए कि वे एस्प्लेनेड इलाके में घुसपैठियों को बचाने के लिए धरना दे रही हैं, जिनकी मदद से उन्होंने पिछला चुनाव जीता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने दावा किया कि राज्य को दिये गए 15 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान तृणमूल कांग्रेस के पदाधिकारियों ने हड़प लिया है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि तृणमूल नेताओं ने आ-लीशान घर बना लिये हैं और 15 वर्षों में जो साइकिल से चलते थे अब वे मंहगे चौपहिया वाहनों पर चल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले औद्योगिक विकास दर 25 प्रतिशत थी, जो अब घटकर तीन प्रतिशत रह गई है, क्योंकि पिछले 15 वर्षों में राज्य में पैदा हुए बच्चों के सिर पर 80,000 करोड़ रुपये का बोझ है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और तृणमूल कांग्रेस दोनों ने राज्य में 'गुंडागर्दी' को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की बाहुबली और धमकियां अब सफल नहीं होगी, क्योंकि भाजपा ऐसी किसी भी रणनीति का करारा जवाब देगी। बाद में, गिरिराज सिंह ने नारायणगढ़ में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## सागरमाला और शिपबिल्डिंग से मजबूत होगा भारत का समुद्री भविष्य : शांतनु ठाकुर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में आयोजित सागर संकल्प - रिक्लेमिंग इंडिया'स मेरिटाइम ग्लोरी राष्ट्रीय समुद्री रक्षा संवाद में भारत के समुद्री क्षेत्र के भविष्य और रणनीतिक संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, समुद्री विशेषज्ञों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र के विकास में सागरमाला कार्यक्रम और घरेलू शिपबिल्डिंग अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की 7,500 किमी लंबी तटरेखा, 14,500 किमी नौगम्य जलमार्ग और प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्गों के पास स्थित भौगोलिक स्थिति भारत को समुद्री व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए विशेष अवसर प्रदान करती है।



कार्यक्रम का आयोजन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने द वीक आईमैगजीन के सहयोग से किया। मंत्री ने कहा कि सागरमाला पहल का उद्देश्य बंदरगाह आधुनिकीकरण, पोर्ट-आधारित औद्योगिक क्लस्टर को बढ़ावा देना और लॉजिस्टिक्स लागत कम कर देश की व्यापार प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047 के तहत सरकार देश में शिपबिल्डिंग क्लस्टर विकसित करने के लिए लगभग 3 लाख करोड़ रुपये निवेश की योजना बना रही है। इसके तहत भारत 2030 तक दुनिया के शीर्ष 10 और 2047 तक शीर्ष 5 शिपबिल्डिंग देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखता है। मंत्री ने कहा कि मजबूत बंदरगाह अवसंरचना और आधुनिक शिपबिल्डिंग क्षमता भारत को वैश्विक समुद्री नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

## कल्याण बनर्जी ने ज्ञानेश कुमार पर की विवादास्पद टिप्पणी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने शुक्रवार को यह टिप्पणी करके एक राजनीतिक विवाद उत्पन्न कर दिया कि अगर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार संवैधानिक पद पर नहीं होते, तो वह उनकी 'उंगली काट देते'। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के प्रमुख ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ 'बहुत खराब' व्यवहार किया। इस दिन, पिछले महीने जब मुख्यमंत्री एसआईआर के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए ज्ञानेश कुमार से मिलने नयी दिल्ली गई थीं, उस वक्त कुमार और ममता के बीच हुए कथित विवाद का उल्लेख करते हुए श्रीरामपुर से सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि सीईसी ने उनके साथ (ममता के साथ) बहुत बुरा बर्ताव किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर उंगली उठाने की हिम्मत की। अगर वह सीईसी ना होते, तो मैं उसी दिन उनकी उंगली काट देता।



## छात्रसंघ चुनाव और परीक्षा परिणामों में देरी पर बर्दवान विश्वविद्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान झड़प

**पूर्व बर्दवान :** राज्य द्वारा संचालित बर्दवान विश्वविद्यालय परिसर के बाहर शुक्रवार को छात्रसंघ चुनावों के आयोजन में कथित देरी और संस्थान के सेमेस्टर परिणामों के प्रकाशन में देरी के विरोध में प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों और एसएफआई कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा के लगभग 300 कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेड तोड़कर पूर्व बर्दवान जिले में विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजगंज इलाके में विश्वविद्यालय के गेट पर चढ़ने का प्रयास किया। अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारी छात्रों ने बैरिकेड्स पार



करने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया क्योंकि इस जमावड़े से वाहनों की आवाजाही और आसपास के अन्य कार्यालयों में कामकाज बाधित हो रहा था। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के एक प्रदर्शनकारी ने पत्रकारों को बताया कि वे कुलपति या रजिस्ट्रार से मिलकर छात्रसंघ चुनाव कराने और सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जल्द से जल्द प्रकाशित करने की अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपना चाहते हैं।

## अब तक शुरू नहीं हो सका बच्चों का क्रेस, कोलकाता हाईकोर्ट का कड़ा निर्देश

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट परिसर में बच्चों की देखभाल के लिए प्रस्तावित शिशु दिवसदन (क्रेस) अब तक शुरू नहीं हो सका है। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आवश्यक सामान तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने कहा है कि मामले की अगली सुनवाई आगामी मंगलवार को की जाएगी और तब तक राज्य सरकार को उठाए गए कदमों की जानकारी देनी होगी।

मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने इस संबंध में राज्य को निर्देश देते हुए कहा कि क्रेस शुरू करने के लिए जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था में देरी नहीं होनी चाहिए। अदालत के निर्देश के बावजूद समय सीमा गुजर जाने के बाद भी क्रेस चालू नहीं हो पाया है।

दरअसल, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने 30 दिनों के भीतर बच्चों के लिए क्रेस शुरू करने का निर्देश दिया था। इसके लिए अदालत की ओर से एक विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किया गया था। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद यह व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी। बताया गया है कि आवश्यक फर्नीचर और अन्य सामग्री की कमी के कारण क्रेस को चालू नहीं किया जा सका।

मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से एक वकील ने अदालत को बताया कि क्रेस के लिए एक चिकित्सक और दो नर्सों की व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन अभी तक अलमारी, कुछ जरूरी फर्नीचर और पानी के बर्तनों जैसी बुनियादी वस्तुओं की व्यवस्था नहीं की गई है। इसी कारण इसे शुरू करने में बाधा आ रही है।

गौरतलब है कि इस मामले में वर्ष 2019 में कोलकाता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इसके बाद 2021 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने क्रेस स्थापित करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे। हालांकि अधिकांश तैयारी पूरी होने के बावजूद अब तक यह सुविधा पूरी तरह शुरू नहीं हो पाई है। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार को आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल करने का निर्देश दिया है।

## बनारस और चांदमारी रोड ओवर ब्रिज की जर्जर हालत, पूर्व रेलवे ने राज्य सरकार से मांगा तत्काल सहयोग





**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन के पास स्थित बनारस और चांदमारी रोड ओवर ब्रिज की खराब स्थिति को लेकर पूर्व रेलवे प्रशासन ने राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की है। रेलवे ने दोनों पुलों के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक रोड ट्रैफिक ब्लॉक उपलब्ध कराने की मांग की है। अधिकारियों का कहना है कि प्रशासनिक देरी जारी रहने पर सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है और आपात स्थिति में दोनों पुलों को एक साथ बंद करना पड़ सकता है, जिससे हावड़ा के आसपास सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

रेलवे द्वारा किए गए तकनीकी निरीक्षण में दोनों पुलों की संरचना को काफी कमजोर पाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, बनारस ब्रिज एक महत्वपूर्ण मार्ग है और इसके पुनर्निर्माण के लिए मानसून से पहले करीब चार महीने तक लगातार काम करने की आवश्यकता है। काम के लिए उपलब्ध समय तेजी से कम हो रहा है और यदि जल्द अनुमति नहीं मिली तो परियोजना की समयसीमा प्रभावित होने के साथ यात्रियों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ सकता है।

चांदमारी आरओबी की स्थिति भी चिंताजनक बताई गई है। रेलवे के अनुसार पुल में लंबी दरारें और संरचनात्मक क्षति देखी गई है। राज्य लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाले हिस्सों में टूटे हुए भागों के कारण पैदल चलने वालों के गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। साथ ही पुल से मलबा गिरने से नीचे गुजरने वाली रेल सेवाओं के लिए भी खतरा बना हुआ है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का पूरा खर्च रेलवे वहन करेगा और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन के लिए दोनों पुलों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। हालांकि, यदि सुरक्षा खतरा बढ़ता है तो रेलवे एक्ट के तहत दोनों पुलों को एक साथ बंद करना पड़ सकता है, जिससे हावड़ा क्षेत्र में यातायात और रेल संचालन पर बड़ा असर पड़ सकता है।

### पूर्व यूजीसी प्रमुख जगदीश कुमार आईआईएम कलकत्ता के शासी मंडल के अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व प्रमुख एम जगदीश कुमार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), कलकत्ता के शासी मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद कुमार को चार वर्ष की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईआईएम कलकत्ता के शासी मंडल के अध्यक्ष के रूप में कुमार का कार्यकाल चार वर्ष पूरे होने तक या 70 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) रहेगा। बता दें कि कुमार इससे पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलपति और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली में प्रोफेसर रह चुके हैं। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए हाल में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

## पूर्व रेलवे ने रेलवन ऐप को लोकप्रिय बनाने के लिए सप्ताहभर का विशेष अभियान किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने यात्रियों को एकीकृत डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवन ऐप के प्रचार के लिए सप्ताहभर का विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान का शुभारंभ पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने किया। इस मौके पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवकों ने रेलवन ऐप के लाभों को समझाने के लिए एक लघु नाटिका (स्किट) प्रस्तुत की, जिसकी महाप्रबंधक ने सराहना की। स्वयंसेवकों ने यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के बीच ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए संवाद और प्रदर्शन के माध्यम से इसके फीचर्स की जानकारी भी दी। रेलवन ऐप एक ऑल-इन-वन डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमें लोकल ट्रेन टिकट खरीदने से लेकर आरक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन ट्रैकिंग, कोच पोजिशन, पीएनआर स्टेटस जांचने और रेल मदद के जरिए सहायता प्राप्त करने जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। अभियान के तहत पूर्व रेलवे के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म पर विशेष कैंप लगाए गए हैं, जहां यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने और उसके उपयोग का लाइव प्रदर्शन कर जानकारी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के लिए रेल सेव-ाओं को अधिक सरल और डिजिटल बनाना है।

### पिलखाना मर्डर केस में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में किया पेश

**हावड़ा, समाज्ञा :** पिलखाना में प्रमोटर शफीक खान की हत्या मामले में गिरफ्तार दोनों हमलावर हारुन खान और रोहित हुसैन को सीआईडी ने शुक्रवार को हावड़ा कोर्ट में पेश किया। इस दौरान मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों ने कोर्ट लॉक-अप के सामने पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों को उनके हवाले करने की मांग की। स्थिति को देखते हुए हावड़ा सिटी पुलिस ने बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ रेपिड एक्शन फोर्स की भी तैनाती कर दी। सुरक्षा कारणों से दोनों आरोपियों को हेलमेट पहनाकर कोर्ट लॉक-अप लाया गया। उल्लेखनीय है कि हावड़ा सिटी पुलिस की टीम ने दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। दोनों पर पिलखाना इलाके में प्रमोटर शफीक खान की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है।

## चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात करेगा तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की घोषणा की है। यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कोलकाता में चुनाव आयोग (ईसीआई) की पूर्ण पीठ से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल में नदिया जिले के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा, राज्यसभा सांसद समीरुल इस्लाम और राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य शामिल हैं। तृणमूल कांग्रेस के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल इस मांग पर जोर देगा कि आगामी विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम उन मतदाता दस्तावेजों के न्यायिक निपटारे से पहले घोषित न किया जाए जिन्हें 'तार्किक विसंगति' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र ने यह भी बताया कि प्रतिनिधिमंडल राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 'जीवित' मतदाताओं को 'मृत' मतदाताओं के रूप में चिह्नित किए जाने के मामलों को भी उजागर करेगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस को बैठक में पहला सत्र मिलने की संभावना है।

### न्यूज ब्रीफ

### इन-बिल्ट स्टेबलाइज़र सिर्फ भ्रम, स्मार्ट टीवी को बाहरी सुरक्षा की जरूरत

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्मार्ट टीवी खरीदते समय इन-बिल्ट स्टेबलाइजर को वोल्टेज सुरक्षा की गारंटी मानना आम गलतफहमी बन गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक टीवी में लगे एसएमपीएस (स्विच मोड पावर सप्लाई) का मुख्य काम एसी बिजली को डीसी में बदलना है, न कि वोल्टेज उतार-चढ़ाव से टीवी को पूरी सुरक्षा देना। भारत के कई अर्ध-शहरी और ग्रामीण इलाकों में वोल्टेज अस्थिर रहता है, जबकि शहरों में भारी उपकरणों के कारण लोड असंतुलन होता है। लगातार उतार-चढ़ाव से एसएमपीएस गर्म होता है और टीवी के पुर्जों की उम्र घट सकती है। वी-गार्ड द्वारा साझा की गई रिपोर्ट बताती है कि बाहरी स्टेबलाइजर टीवी की लंबी उम्र और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पावर कट के बाद सर्ज की स्थिति में संवेदनशील हिस्से प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि केवल चलते रहने की क्षमता पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं है, उपभोक्ताओं को सही सुरक्षा उपाय अपनाने चाहिए।

### महिला दिवस के मौके पर, एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने 'स्पूर्थी' लॉन्च किया

**कोलकाता :** महिला दिवस के मौके पर, एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने 'स्पूर्थी' के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है। यह एक खास प्रोग्राम है जिसे महिला एंटरप्रेन्योर्स को घर की प्रॉपर्टी खरीदने के लिए फाइनेंस की सुविधा देकर या बिजनेस बढ़ाने और वर्किंग कैपिटल के लिए प्रॉपर्टी पर लोन देकर मजबूत बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। लॉन्च पर कमेंट करते हुए, एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, सुदीप्ता रॉय ने कहा, हमारी कंपनी महिला बॉरोअर्स को सपोर्ट करने के लिए पूरी तरह से कमिटेड है क्योंकि वे लगातार एक डिसिप्लिन्ड और मज़बूत रीपेमेंट हिस्ट्री दिखाती हैं, जो उन्हें आइडियल बॉरोअर्स बनाता है।

### स्वास्थ्य बीमा के प्रति महिलाएं हुईं जागरूक

**कोलकाता :** इंटरनेशनल वुमेंस डे के अवसर पर केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने बताया कि उनके इंडिविजुअल हेल्थ इंश्योरेंस पोर्टफोलियो में महिला प्रपोजर्स का हिस्सा वर्तमान में 28–30% है, और पिछले कुछ वर्षों में यह हिस्सा लगातार बढ़ रहा है। महिलाओं द्वारा चुना गया औसत सम इंश्योर्ड 10–15 लाख रुपये के बीच है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि हालांकि स्वामित्व और कवरेज की पर्याप्तता में चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन इलाज महंगा होने और अस्पताल में भर्ती होने की बढ़ती लागत के बीच स्वतंत्र और पर्याप्त स्वास्थ्य कवरेज के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। केयर हेल्थ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मनीष डुडेजा ने कहा, महिलाएं परंपरागत रूप से अपने परिवारों की स्वास्थ्य एंकर रही हैं, अक्सर खुद की भलाई से पहले सबकी देखभाल को प्राथमिकता देती हैं। अब जैसे-जैसे अधिक महिलाएं घरेलू वित्तीय और स्वास्थ्य संबंधी फैसलों की जिम्मेदारी ले रही हैं, उनकी अपनी लंबी अवधि की स्वास्थ्य सुरक्षा अक्सर पीछे छूट जाती थी। लेकिन अब यह बदलाव शुरू हो रहा है।

### जीरोधा म्यूचुअल फंड ने व्हाट्सएप के अंदर ईटीएफ ट्रैकिंग लॉन्च की

**कोलकाता :** जीरोधा म्यूचुअल फंड ने इंडस्ट्री में पहली बार एक ऑफर लॉन्च किया है। यह नया ऑफर इन्वेस्टर्स को अपना पूरा जीरोधा म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो - जिसमें म्यूचुअल फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) दोनों शामिल हैं - व्हाट्सएप छोड़े बिना एक ही, ऐप जैसे डैशबोर्ड में देखने की सुविधा देता है। जीरोधा एएमसी के सीईओ विशाल जैन ने कहा, हमारा लक्ष्य हमेशा से इन्वेस्टर्स से वहीं मिलना रहा है, जहां वे हैं। ईटीएफ ट्रैकिंग को सीधे व्हाट्सएप पर लाकर, हम इन्वेस्टर्स के लिए एक और परेशानी दूर कर रहे हैं। आपको यह जानने के लिए अलग-अलग ऐप्स के बीच नहीं भटकना पड़ेगा कि आपके इन्-वेस्टमेंट कैसा कर रहे हैं। यह फीचर एक डाइवर्सिफाइड, मल्टी-फंड पोर्टफोलियो को ट्रैक करना सच में आसान और आसान बनाता है।

### न्यूज अपडेट

### राष्ट्रपति मुर्मू ने बंगाल दौरे के कार्यक्रम में किया बदलाव, आज जाएंगी दार्जिलिंग



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने पश्चिम बंगाल दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया है और अब वह एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को दार्जिलिंग जाएंगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। पहले उनका दो दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार को दार्जिलिंग रवाना होने का कार्यक्रम था। हालांकि, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के गुरुवार को अचानक इस्तीफे के बाद यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया। राष्ट्रपति भवन द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति मुर्मू आज उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग का दौरा करेंगी, जहां वह अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद द्वारा आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेंगी।

### 'वह चुनाव बाद जो करेंगी उसी का अभ्यास कर रही हैं', सुकांत मजूमदार ने ममता के धरना देने पर कहा



**कूचबिहार :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कोलकाता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दिए जा रहे धरने का मखौल उड़ाते हुए शुक्रवार को कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में हारने के बाद जो करेंगी, उसका ही पूर्वाभ्यास कर रही हैं। मजूमदार ने भाजपा के सत्ता में आने पर युवाओं के लिए रोजगार, महिला वित्तीय सहायता योजना की राशि में वृद्धि और राज्य सरकार के कर्मचारियों को उचित महंगाई भत्ता (डीए) देने जैसे कई वादे भी किए। वे कूचबिहार जिले के नटाबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' रैली में बोल रहे थे। ममता के धरना देने पर मजूमदार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का मुख्यमंत्री बनने पर वह जो करेंगी, उसका ही पूर्वाभ्यास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सुशासन, पारदर्शिता और विकास की राजनीति में विश्वास करती है और राज्य में ऐसी व्यवस्था स्थापित करना चाहती है जिसमें आम लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

### सीएफए सोसाइटी इंडिया और सीएफए इंस्टीट्यूट ने कोलकाता में 5वां मास्टर्स एट वर्क होस्ट किया

**कोलकाता :** सीएफए सोसाइटी इंडिया ने सीएफए इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर मास्टर्स एट वर्क का 5वां एडिशन होस्ट किया जिसमें इन्वेस्टमेंट प्रोफेशनल्स इन्वेस्टमेंट डिसिप्लिन, हेजिंग फ्रेमवर्क, कंपाउंडिंग और रेट-ऑफ-चेंज एनालिसिस पर चर्चा के लिए एक साथ आए। इवेंट की शुरुआत विनय बागरी, सीएफए - वॉलंटियर, सीएफए सोसाइटी इंडिया के ओपनिंग रिमार्क्स से हुई, जिन्होंने इंडियन कैपिटल मार्केट्स के डेवलपमेंट के लिए सोच-समझकर कैपिटल की इंपॉर्टेंस पर ज़ोर दिया। पहले सेशन में संजय भट्टाचार्य - पार्टनर, फोर्टुना कैपिटल ने 'विनिंग इन्वेस्टमेंट हैबिट्स' पर बात की। दूसरे सेशन को एंड्रयू हॉलैंड - हेड- एसआईएफ, निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने लीड किया, जिन्होंने एब्सोल्यूट रिटर्न फ्रेमवर्क के अंदर लॉन्ग-शॉर्ट स्ट्रैटेजी और हेज ट्रेड पर बात की। तीसरे सेशन में केनेथ एंड्रेड - फाउंडर और सीआईओ, ओल्ड ब्रिज एसेट मैनेजमेंट शामिल हुए, जिन्होंने कंपाउंडिंग की पावर पर फोकस किया और बताया कि कैसे इन्वेस्टर अक्सर गैर-ज़रूरी रुकावटों और बहुत ज़्यादा बदलाव के ज़रिए रिटर्न में रुकावट डालते हैं। 'रेट ऑफ़ चेंज - बेहतर इन्वेस्टिंग का एक अंडररेटेड सीक्रेट' पर आखिरी सेशन विकास खेमानी, सीएफए - फाउंडर, कार्नेलियन एसेट मैनेजमेंट एंड एडवाइजर्स ने दिया, जिन्होंने रेट-ऑफ़-चेंज साइकिल और बिना लगातार इवैल्यूएशन के स्टैटिक बाय-एंड-होल्ड इन्वेस्टिंग की सीमाओं पर चर्चा की।

### उत्तर हावड़ा में परिवर्तन यात्रा के स्वागत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया कैंप



**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा के नंदीबगान मोड़ स्थित गंगेज शिवा अपार्टमेंट के नीचे भाजपा मंडल-2 की ओर से परिवर्तन यात्रा के स्वागत के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं और निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती सहित चंदन चौधरी, उमेश राय, संजय सिंह, युवा मोर्चा बिहार के विकी राय, गीता राय, तारक नाथ साव, सुरेंद्र जैन, विशाल जायसवाल, रवि जायसवाल, मंडल-2 के सचिव उत्तर हावड़ा रितेश खटेड़, श्रेयांस खटेड़, विकास सिंघी, हरिप्रसाद अग्रवाल, संदीप शर्मा, अभिषेक उपाध्याय, उमेश साव, सुमित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अरुण चौखानी, पवन धारीवाल समेत कई कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया।

### येजदी ने क्रोम डिटेलिंग के साथ नई रोडस्टर 'रेड वुल्फ' की लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में जन्मे क्लासिक मोटरसाइकिल ब्रांड येजदी ने अपनी नई विशेष संस्करण रोडस्टर 'रेड वुल्फ' लॉन्च की है। कंपनी ने इस बाइक को 3 मार्च 2026 को 'रेड मून' की रात पेश किया। यह मॉडल 1970 के दशक के प्रतिष्ठित डिजाइनों से प्रेरित है और गहरे लाल रंग के साथ आकर्षक क्रोम डिटेलिंग में तैयार किया गया है, जो इसे दमदार रेट्रो लुक देता है। नई रोडस्टर रेड वुल्फ में 350 अल्फा2 लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया गया है, जिसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स और असिस्ट व स्लिपर क्लच की सुविधा है। बाइक में रिच ब्राउन सीट, तराशी हुई फ्यूल टैंक, चौड़ा रियर फेंडर और सेगमेंट का सबसे चौड़ा रियर टायर दिया गया है। लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखते हुए इसमें 12.5 लीटर का फ्यूल टैंक दिया गया है, जो लगभग 350 किमी की रेंज प्रदान करता है। यह बाइक देशभर के अधिकृत डीलरशिप पर 2,09,950 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी।

### ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने 'द वन एंड ओनली' कैंपेन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपना नया ब्रांड कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लॉन्च किया है। इस अभियान के माध्यम से ब्रांड विशिष्टता, आत्मविश्वास और अलग पहचान के साथ सफलता की शक्ति को दर्शाने का प्रयास कर रहा है। कंपनी के अनुसार, आज के दौर में जहां सफलता के कई रूप सामने आते हैं, वहीं असली पहचान उस व्यक्ति की होती है जो अपनी अलग शैली और व्यक्तित्व से भीड़ में अलग नजर आता है। इसी विचार को अभियान में तीन चेहरों अवंती नागरथ, किरणदीप चहल और माहिरा शर्मा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। ब्रांड का कहना है कि यह अभियान आधुनिक भारतीय युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और उनकी विशिष्ट पहचान बनाने की इच्छा को दर्शाता है। यह 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैंपेन डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, प्रमुख अखबारों के फ्रंट पेज विज्ञापनों, आउटडोर विज्ञापन स्थलों तथा आईसीसी मेन टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भी चलाया जा रहा है।

# तृणमूल के धरना में शामिल होकर अभिषेक बनर्जी ने किया भाजपा के बहिष्कार का आह्वान

❑ कहा... 'भाजपा की रथ यात्रा साबित होगी उलटी, 50 से भी काम सीटें मिलेंगी'

❑ प्रधानमंत्री से लेकर अमित शाह और चुनाव आयुक्त पर बोला कड़ा हमला

मधु सिंह



**कोलकाता, समाज्ञा :** शुक्रवार को एसआईआर के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने धर्मतल्ला में धरना दिया जिसमें शामिल होकर तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इस विधानसभा चुनाव में भाजपा के बहिष्कार का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर कटाक्ष किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर कड़ा हमला बोला। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि एसआईआर की सुनवाई में पश्चिम बंगाल में 60 लाख लोगों का नाम अगर विचाराधीन है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी विचाराधीन होना चाहिए।

**❑ 'राज्यपाल से क्यों लिया गया इस्तीफा?'**

राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस के इस्तीफे को लेकर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि राज्यपाल से इस्तीफा दिलवाया गया और वह भी चुनाव से एक महीने पहले। ऐसा क्या हुआ कि कभी जगदीप धनखड़ तो कभी सी. वी. आनंद बोस से इस्तीफा दिलवाया गया। ऐसा क्या हुआ कि जो बंगाल में थे उनका ही इस्तीफा लिया गया ? किसी तरह बंगाल पर कब्ज़ा करना है। बंगाल दखल करना है तो जाकर 10 करोड़ लोगों का वोट लेकर आएं। भाजपा की सभाओं में लोग नहीं होते, बूथ में बैठने के लिए कोई नहीं है, एजेंसी से झंडे लगवाती है और ये बंगाल पर कब्ज़ा करने का दिवा स्वप्न देख रहे हैं।

**❑ 'जारी नहीं हुई लॉजिकल डिस्क्रेपेन्सी की लिस्ट'**

अभिषेक बनर्जी ने चुनाव आयुक्त पर हमला बोलते हुए कहा कि कोर्ट ने लॉजिकल डिस्क्रेपेन्सी की लिस्ट जारी करने कहा था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। हमारे सांसदों के साथ दिल्ली में दुर्व्यवहार किया गया, लेकिन तृणमूल को डरा-धमकाकर कोई लाभ नहीं है।

**❑ '...तो ले लूंगा राजनीति से संन्यास'**

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगभग ढाई करोड़ महिलाओं को फण्ड देती हैं, जिसमें सामान्य श्रेणी की महिलाओं को 1500 रुपये और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को 1700 रुपये दिए जाते है. बंगाल के पास त्रिपुरा, असम, ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अगर एक भी भाजपा की सरकार अपने राज्य में महिलाओं को इस तरह का लाभ दे पाती है तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा।

**❑ तृणमूल नेता का आरोप, सौरभ गांगुली का अपमान किया भाजपा ने**

सौरभ गांगुली को 'दलाल' कहे जाने के मुद्दे पर अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ऐसा कर बंगालियों के गौरव सौरभ गांगुली का अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि सौरभ गांगुली अगर दलाल हैं तो 2021 के विधानसभा चुनाव में अमित शाह भाजपा नेताओं के साथ उनके घर क्यों गए थे और वहां भोजन क्यों किया था? सौरभ बंगाली हैं, सर नहीं झुकाते इसलिए उन्हें अपमानित किया जा रहा है।

**❑ रथ यात्रा पर किया कटाक्ष**

अभिषेक बनर्जी ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमने महाभारत में श्री कृष्ण और अर्जुन का रथ सुना है, इस महीने में रथ यात्रा की बात पहली बार सुन रहा हूँ। वो चढ़ेंगे रथ पर और हम रहेंगे पथ पर। रथ यात्रा की तस्वीरें देखिए, मैं चैलेंज करता हूँ कि इस बार भाजपा को 50 से कम सीटें मिलेंगी।

**❑ भाजपा के बहिष्कार का आह्वान**

अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के बहिष्कार का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा के पास आपके जीवन का कोई मूल्य नहीं है, बेवजह किसी की जान ना जाये, हमें ये सुनिश्चित करना होगा। मैं कहता हूँ, बॉयकॉट बीजेपी।

**❑ 'आ रहे हैं तो सूची लेकर आइये'**

चुनाव आयोग के फुल बेंच के बंगाल दौरे पर अभिषेक ने कहा कि ज्ञानेश कुमार 9 तारीख को आ रहे हैं। आप और आपके प्रभु (प्रधानमंत्री, गृह मंत्री) कहते आ रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या रहते हैं। अब तक कितने रोहिंग्या को चिन्हित किया गया, कितने बांग्लादेशी के नाम हटाए गए, आप सूची लेकर आएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार भी नवान्न में ममता बनर्जी ही लौटेंगी।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कोलकाता से सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण शुक्रवार को कोलकाता से खाड़ी देशों के लिए सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक बयान में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई, दोहा और अबू धाबी के लिए संचालित होने वाली सात उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रद्द की गई सेवाओं में एयर अरबिया, एतिहाद एयरवेज, कतर एयरवेज और अमीरात द्वारा संचालित उड़ानें शामिल हैं। ये सभी उड़ानें कोलकाता को खाड़ी क्षेत्र के तीन प्रमुख पारगमन केंद्रों से जोड़ती हैं। दुबई से कोलकाता और कोलकाता से दुबई आने-जाने वाली अमीरात की उड़ानें रद्द कर दी गईं। कोलकाता से अबू धाबी जाने वाली एयर अरबिया की उड़ान रद्द कर दी गई, जबकि अबू धाबी से कोलकाता और कोलकाता से अबू धाबी आने-जाने वाली एतिहाद एयरवेज की उड़ानें भी रद्द कर दी गईं। दोहा जा रही कतर एयरवेज की दो उड़ानें भी रद्द कर दी गईं। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन कंपनियां स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उड़ान मार्गों की समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित इन सेवाओं पर पहले से बुकिंग कराने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे यात्रा पुनर्निर्धारण, धन वापसी या वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था के संबंध में अपनी संबंधित एयरलाइन कंपनी से संपर्क करें।

# ममता बनर्जी के मंच पर अचानक प्रदर्शन, तृणमूल ने भाजपा पर लगाया आरोप

**कोलकाता :** राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अंतिम मतदाता सूची से नाम हटने और कई मतदाताओं के नाम 'विचाराधीन' रहने के विरोध में मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी शुक्रवार से धर्मतला में धरने पर बैठी हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के मुद्दे पर आयोजित इस धरने को कई विशिष्ट व्यक्तियों और प्रभावित आम मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है।



हालांकि शुक्रवार शाम को धरना मंच पर अचानक स्थिति बदल गई, जब अपनी मांगों को लेकर पार्श्वशिक्षकों (पैराटीचरों) के एक समूह ने मंच के पास पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शाम करीब 5 बजे कुछ पार्श्वशिक्षकों ने धर्मतला स्थित मंच के सामने नारेबाजी करते हुए विरोध जताया।

धरना स्थल पर कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा दिया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीधे भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, यह ऐसा समय नहीं है जब इस तरह की हरकतें की जाएं। लोग मर रहे हैं। यह सब भाजपा मानसिकता वाले लोग हैं। इन्हें यहां किसने भेजा है, मैं जानती हूं। इसके पीछे भाजपा का हाथ है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस मंच पर लोग उन मतदाताओं के समर्थन में जुटे हैं, जिनके नाम सूची से हट गए हैं या जो संकट में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य समस्याओं और मांगों के लिए अलग मंच और जगह मौजूद है।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, अगर कोई शिकायत है तो मोदी, शाह और वैनिश कुमार के पास जाएं।

## विक्टोरिया मेमोरियल को बम से उड़ाने की धमकी, कोलकाता पुलिस ने की गहन तलाशी

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल विक्टोरिया मेमोरियल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को सनसनी फैल गई। अधिकारियों को एक अज्ञात ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर में विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विक्टोरिया मेमोरियल प्रबंधन ने तत्काल हेस्टिंग्स थाने में शिकायत की। शिकायत मिलते ही लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय सक्रिय हो गया और आनन-फानन में बम निरोधक दस्ते को मौके पर रवाना किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को खाली कराकर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि, घंटों चली के बाद कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से राज्य में 'हाक्स ईमेल' (धमकी भरे फर्जी मेल) का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कोलकाता के नगर सत्र न्यायालय और डॉक्टर, पासपोर्ट सेवा केंद्रों को भी इसी तरह निशाना बनाया गया था। कोलकाता पुलिस की एसटीएफ इन मामलों की जांच कर रही है।

## सीजीएसटी अधिकारियों की कार्रवाई में फर्जी जीएसटी पंजीकरण से करोड़ों के आईटीसी घोटाले का खुलासा

**हल्दिया, समाज्ञा :** सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स डिपार्टमेंट के सीजीएसटी एंड सेंट्रल एक्साइज हल्दिया कमिश्नरेट की एंटी-इवेजन यूनिट ने फर्जी जीएसटी फर्मों के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का मामला उजागर किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान पता चला कि एक फर्जी फर्म का जीएसटी पंजीकरण उस व्यक्ति की जानकारी के बिना ही उसके नाम पर करा लिया गया था। जब अधिकारियों ने पंजीकृत प्रधान व्यावसायिक स्थल का सत्यापन किया, तो पाया गया कि वहां किसी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि नहीं चल रही थी। आगे की जांच में जीएसटी रिटर्न और संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल से खुलासा हुआ कि इस फर्जी इकाई ने लगभग 8.95 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त किया था और बिना किसी वास्तविक वस्तु या सेवा की आपूर्ति किए विभिन्न कंपनियों को करीब 8.88 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी चालानों के जरिए ट्रांसफर कर दिया। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर कुछ व्यक्तियों की भूमिका सामने आई, जिन्होंने फर्जी जीएसटी पंजीकरण कराने और इस नकली फर्म का संचालन करने में भागीदारी की। इसके बाद एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। विभाग के अनुसार मामले की आगे भी जांच जारी है, ताकि इस फर्जी आईटीसी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके और इससे संबंधित अन्य फर्जी जीएसटी इकाइयों का पता लगाया जा सके।

## एसआईआर : आज झारखंड व ओडिशा के 200 अधिकारी न्यायिक प्रक्रिया में होंगे शामिल

कोलकाता, समाज्ञा

झारखंड और ओडिशा के 200 न्यायिक अधिकारी शनिवार तक पश्चिम बंगाल पहुंच जाएंगे। यह अधिकारी 9 मार्च से भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत पहचाने गए मतदाताओं के दस्तावेजों के न्यायिक निर्णय की चल रही प्रक्रिया में शामिल होंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि वे शनिवार व रविवार को न्यायिक निर्णय प्रक्रिया पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में रहेंगे। इसके बाद, सोमवार से वे राज्य के मौजूदा न्यायिक अधिकारियों की टीम में शामिल हो जाएंगे जो पहले से ही चल रही न्यायिक निर्णय प्रक्रिया में लगे हुए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि झारखंड और ओडिशा से 200 न्यायिक अधिकारियों के शामिल होने से न्याय प्रक्रिया में शामिल न्यायिक अधिकारियों की कुल संख्या बढ़कर 732 हो जाएगी। झारखंड व ओडिशा से आने वाले इन 200 न्यायिक अधिकारियों में से अधिकांश को कोलकाता में तैनात किया जाएगा, जबकि कुछ को पूर्व मेदिनीपुर जिले के बर्दवान, पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर और दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी तैनात किया जाएगा। उनके रहने की व्यवस्था मुख्य रूप से कोलकाता हवाई अड्डे और कोलकाता के साथ ही संबंधित जिले के शहरों में स्थित महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के नजदीक की गई है।

## 'राजभवन बन गए हैं भाजपा के वॉर रूम'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने कई राज्यों में राज्यपालों के फेरबदल को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया है। पार्टी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि यह फेरबदल मोदी सरकार के संवैधानिक संघवाद के प्रति अनादर को दर्शाता है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने राजभवनों को भाजपा के वॉर रूम में बदल दिया है। तृणमूल नेता सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि राज्यपालों की नियुक्ति में राज्य सरकारों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने सरकारिया और पुंछी कमीशन की सिफारिशों का हवाला दिया। रॉय के मुताबिक, इन रिपोर्टों में साफ कहा गया है कि राज्यपाल चुनने के लिए एक पैनल बनना चाहिए। साथ ही, संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से सलाह लेना जरूरी है। राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने भी इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि बंगाल के लिए बिना पूछे नया राज्यपाल चुनना गलत है।

## नामांकन जांच में पास हुए राहुल सिन्हा, प्रमाणपत्र 9 मार्च को मिलेगा



**कोलकाता :** राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राहुल (विश्वजीत) सिन्हा का नामांकन पत्र अंततः जांच प्रक्रिया में स्वीकृत हो गया। आवश्यक दस्तावेजों में मौजूद त्रुटि दूर होने के बाद उनका नामांकन स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद राहुल सिन्हा मुस्कुराते हुए विधानसभा से बाहर निकले और संतोष व्यक्त किया। बाहर आकर उन्होंने कहा, चुनाव आयोग की ओर से बताया गया है कि 9 मार्च को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। मैं बहुत खुश हूं। आगे जो भी काम और जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। दरअसल, गुरुवार को राहुल सिन्हा ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। माना जा रहा था कि वे बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के सांसद निर्वाचित होंगे। हालांकि जांच से पहले यह सामने आया कि नामांकन के साथ जमा किए गए दस्तावेजों में एक मामले से जुड़ा आवश्यक कागज अधूरा था। उन्हें सूचित किया गया था कि स्क्रूटनी शुरू होने से पहले संबंधित दस्तावेज जमा करना होगा। शुक्रवार सुबह 11 बजे उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच शुरू होनी थी।

इसी बीच शुक्रवार को स्क्रूटनी से पहले ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल विधानसभा पहुंच गए। इसको लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा भी शुरू हो गई थी। हालांकि अंततः सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राहुल सिन्हा का नामांकन स्वीकार कर लिया गया। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद राहुल सिन्हा के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ नजर आई। उन्होंने कहा कि प्रमाणपत्र मिलने के बाद वे अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।

# हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 'गिव टू गेन' थीम के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर उत्साहपूर्वक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थान का इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी-एचआईटीके) और आईक्यूएसी-एचआईटीके के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की थीम गिव टू गेन रही, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, योगदान और सामूहिक विकास की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो ज्ञान और प्रेरणा का प्रतीक है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की पहली महिला फॉरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ सुपर्ना दत्ता ने आमंत्रित वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। उन्होंने पेशेवर और सामाजिक क्षेत्रों में महिलाओं की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रस्तुतियों की भी आकर्षक श्रृंखला देखने को मिली। इलेक्ट्रॉनिक्स



एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की प्रोफेसर अमृता बनर्जी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। इसके बाद उसी विभाग की प्रोफेसर चंद्रिमा रॉय ने प्रसिद्ध कविता स्टिल आई राइज का प्रभावशाली पाठ कर दर्शकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण क्षण संस्थान की महिला सुविधा कर्मचारियों को सम्मानित करना रहा, जिसमें उनकी निष्ठा और संस्थान के प्रति योगदान को सराहा गया। इसके बाद गणित विभाग की प्रोफेसर मौमिता प्रमाणिक ने मधुर रविंद्र संगीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर संस्थान की पूर्व छात्रा और यूरेका बिल्डिर्स से जुड़ी उद्यमी सुचिस्मिता साहा ने भी अपना अनुभव साझा किया और छात्राओं को नवाचार तथा नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष श्राबंती बसु ने महिला दिवस क्या, केवल महिलाओं के लिए होता है? विषय पर विचारोत्तेजक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने लैंगिक समानता के लिए समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। समारोह का समापन प्रोफेसर मौमिता प्रमाणिक के समापन गीत के साथ हुआ। इस आयोजन के माध्यम से संस्थान ने महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित करते हुए एक समावेशी और सशक्त शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**Name Change**

I Hara Prosad Karmakar S/o Gopal Chandra Karmakar R/o Village Kanpur, PO Paharhati, Memari-II, Purba Bardhaman, West Bengal-713168, have changed my name to Hara Prasad Karmakar

**NAME CHANGE**

I ARUN DAS Unit-58 WEU R/o. Vill + P.O-Tilkhoja. P.S- Moyna, Dist- Purba Medinipur, State-West Bengal, Pin-721629. My Service No-15679641P, Rank. HAV. I am citizen of India. SANDHYA RANI DAS is my Mother. In my Army Service Records, My Mother's Name & D.O.B is wrongly recorded as SANDYA RANI DAS - 01.07.1967. As per her identified Document/ Aadhar card, her correct Name & D.O.B IS SANDHYA RANI DAS 01.01.1965 which may be amended accordingly for all further purposes. I am producing this Affidavit for the purpose of evidence mother's Name & D.O.B. for my Affidavit date-10-02-2026,Notary Public at Tamluk.SANDHYA RANI DAS and SANDYA RANI DAS both are the same and one identical person.

**अलीपुरद्वार मंडल पर ट्रैक मशीन साईडिंग का प्रावधान**

**ई-निविदा सूचना सं. 134/W-2/APDJ तारीख: 02-03-2026।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया है: **निविदा संख्या. 46-AP-III-2025। कार्य का नाम:** सिलीगुड़ी जंक्शन-अलीपुरद्वार जंक्शन-3 संख्यक स्टेशनों पर ट्रैक मशीन साईडिंग का प्रावधान कराना एवं केरन यार्ड-ट्रैक मशीन साइडिंग एवं सुविधाओं का प्रावधान कराना। **निविदा राशि: ₹1,61,56,094.62/-। धरोहर राशि: ₹2,30,800/-। ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 23-03-2026 को 15:00 बजे में एवं खुलेगी: 15.30** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्रपत्रों के साथ विस्तृत विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

**डीआरएम (डब्ल्यू), अलीपुरद्वार जंक्शन**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**शुद्धिपत्र-1**

**निविदा सूचना संख्या S&T/Works/10-2026, जो 05.03.2026** को 14:45 बजे। IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी। **कार्य का नाम:** ब्लू लाइन के KKVS से KCWC सेक्शन (जिसमें KSCS और KMUK यार्ड शामिल है) में विभिन्न सिग्नलिंग उपकरणों जैसे सिग्नल, पॉइंट मशीन, केबल, लोकेशन बॉक्स तथा अन्य संबद्ध कार्यों का पुनर्वास एवं पुनःस्थापन कार्य, जो SSE/Sig/KKVS/IC के अंतर्गत मेट्रो रेलवे, कोलकाता में किया जाना है। निविदा में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया गया है: **फ़ील्ड का नाम: निविदा बंद होने की तिथि और समय, फ़ील्ड का नाम:** 05.03.2026 को 15:00 बजे। **संशोधित मान:** 17.03.2026 को 15:00 बजे। निविदा की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे।

हमें फ़ॉलो करें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के नेताजी (केएनटीजे) से शहीद खुदीराम (केएसकेडी) तक ब्लू लाइन के पाँच स्टेशनों पर दो गर्डरों के जोड़ से पानी के रिसाव को रोकने के लिए गर्डरों के नीचे आवश्यक सपोर्ट स्ट्रक्चर के साथ कोरुगेटेड जी. एस. शीट की व्यवस्था एवं फिक्स करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.1,22,24,883.86, **बयाना राशि:** रु. 2,11,100/-, **समापन अवधि:** 9 माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 02.04.2026 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं.: सिविल-2555-2026 (खुली)**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-रिले-एलईडी-बीडीसी-26, दिनांक 02.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** एएसटीई-बैण्डेल अनुभाग में उम्र सह दशा के आधार पर पुराने रिले, एलईडी के प्रतिस्थापन के लिए विश्वसनीयता में सुधार। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,04,68,296.83; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 4,02,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीख:** 16.03.2026। **समापन अवधि:** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय:** 02.03.2026 को शाम 05.41 बजे। (HWH-673/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 296_2025-26, दिनांक 04.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा** के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (को-ऑर्डिनेशन)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के किसी भी स्थान पर/अन्य मंडल में ट्रेलर के प्रयोग द्वारा सभी प्रकार की पी. वे सामग्रियों यानी रेल, स्विच, क्रॉसिंग इत्यादि तथा ट्रक के प्रयोग द्वारा ईआरसी, बोल्टों एवं नटों, थीयरिंग प्लेटों तथा अन्य पी. वे सामग्रियों तथा ट्रैक मशीन के पुर्जों यानी कॉनवेयर बेल्टों, कटर, चेनों, वीयर प्लेटों, फिल्टरों, वॉल्वों, सिलिंडरों, बैटरियों, पम्पों, मोटर इत्यादि के परिवहन के साथ साइट के अभियंता के निर्देश पर 30 मी की लीड के भीतर मल्टीपल ट्रैकों की सभी लीड, लिफ्ट के साथ यांत्रिक लोडिंग, अनलोडिंग तथा ढेरी लगाना, पृथकीकरण इत्यादि। **अनुमानित लागत:** रु. 5,03,77,737.25; **बयाना राशि:** रु. 4,01,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 09 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.03.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-676/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/745, दिनांक 02.03.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3596; कार्य का नाम:** 12 महीने के लिए नई दिल्ली सहित हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्थानों पर विभिन्न निर्माता एवं क्षमता की इनवर्टर एवं नॉन-इनवर्टर टाइप स्प्लिट रूम एयर कंडीशनर मशीनों का व्यापक रखरखाव अनुबंध के साथ एसएसई/एसीपी/हावड़ा के अधीन विभिन्न क्षमता की मौजूदा एसी मशीनों का स्थानांतरण कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 34,71,752; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 69,400; **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3538; कार्य का नाम:** एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे रीलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 17/ए/6 के स्थान पर नई एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 9,25,614; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 18,500; **समापन अवधि:** 180 दिन। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3524-आर; कार्य का नाम:** विश्वसनीयता में सुधार के लिए सादीनपुर स्टेशन में ड्युअल डिटेक्शन तैयार करने के लिए एमएसडीएसी द्वारा द्वितीय डिटेक्शन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 24,01,456; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 48,000; **समापन अवधि:** 180 दिन। **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3530-आर-1; कार्य का नाम:** रामपुरहाट स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1, 2 तथा 3 पर पुलों के साथ 02 अदद यात्री स्वचालित सीढ़ियों (निर्माता-जॉनसन लिफ्ट्स प्रा. लि.) का 36 महीने के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 18,28,056; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 36,600; **समापन अवधि:** 36 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 20.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे तथा क्रमांक 2, 3 एवं 4 के लिए 23.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-674/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत कैटरिंग सेवाओं तथा मोबाइल फूड वैन का प्रावधान**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा (नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा, पिन-711101) द्वारा हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में 05 वर्षों की अवधि के लिए **03 अदद प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट (पीबीसीओ)** तथा **01 अदद मोबाइल फूड वैन** के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। पात्रता एवं कारोबार के मानदंड संविदा की विशेष शर्तों के पैरा 2 (ई-नीलामी लॉट में अपलोड किया गया है) के अनुसार होंगे। अधिक जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखें। नीलामी का विवरण: **नीलामी सूचीपत्र सं.: एमआईएससीसीस्टेटिक-एचडब्ल्यूएच। सिक्वेंस; लॉट सं./श्रेणी; विवरण; बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **एबी/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-पीएस-72-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-प्रीमियम स्टोर्स); 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, संचालन एवं प्रबंधन (हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉम्पलेक्स, यात्री निवास प्रवेश द्वार के बगल में); 12.03.2026, अपराह्न 02.40 बजे। **एबी/2;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-पीएस-73-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-प्रीमियम स्टोर्स); 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, संचालन एवं प्रबंधन (हावड़ा स्टेशन, ओल्ड कॉम्पलेक्स, पार्सल प्रवेश निकासी द्वार के निकट); 12.03.2026, अपराह्न 02.50 बजे। **एबी/3;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-पीएस-74-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-प्रीमियम स्टोर्स); 05 वर्षों के लिए प्रीमियम ब्रांडेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, संचालन एवं प्रबंधन (डानकुनी स्टेशन, न्यू कॉलोनी के निकट); 12.03.2026, अपराह्न 03.00 बजे। **एए/1;** एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-यूपीए-एसटीजीईएन-67-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); 05 वर्षों के लिए मोबाइल फूड वैन की संचरना, संचालन एवं रखरखाव (उत्तरपाड़ा स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया); 12.03.2026, अपराह्न 02.30 बजे। **न्यूनतम वृद्धि:** सिक्वेंस सं. एबी/1, एबी/2, एबी/3 एवं एए/1 के लिए 0.2%। **ईएमडी:** सिक्वेंस सं. एबी/1, एबी/2, एबी/3 एवं एए/1 के लिए 10%। **अपेक्षित कारोबार:** अपेक्षित कारोबार सिक्वेंस सं. एबी/1, एबी/2, एबी/3 के लिए संविदा की विशेष शर्तों के पैरा 2(v) के अनुसार होगी तथा एए/1 के लिए शून्य। (HWH-679/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई- एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 80 ईटी /2025-26 दिनांक: 26.02.2026**

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 01251220ए | आइट कोड – 3042एनएससीसी ( आईटम डिस्क्रिप्शन कनटिनयूअस कास्ट राउन्ड एज पर आइआरएस आर –19/93 पार्ट ।) (आरईवी 06) | 3000एमटी | 12.03.2026 |
| 02 | 11251267ए | सेल किट फॉर 3पीएच मेमू / एनडीएमसी कोचे (वन शैल किट कनसिस्ट आफ वन कोच | 6 सेट | 07.04.2026 |
| 03 | 11251290 | रूफ आर्च फॉर कम्पलीट फॉर एलडब्लूएस एलडब्लूएससीएन एन्ड एलएसएलआरडी अमृत भारत कोचेज | 4795 नग | 24.03.2026 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 79 ईटी /2025–26 दिनांक: 24.02.2026 | टेंडर नं. 15255353 | निविदा खुलने की तिथि 02.03.2026 के स्थान पर तिथि 09.03.2026 पढ़े |
| 02 | 75 ईटी /2025–26 दिनांक: 10.02.2026 | टेंडर नं. 04251366ए | निविदा खुलने की तिथि 26.02.2026 के स्थान पर तिथि 11.03.2026 पढ़े |
| 03 | 74 ईटी /2025–26 दिनांक: 05.02.2026 | टेंडर नं. 12251304 | निविदा खुलने की तिथि 10.03.2026 के स्थान पर तिथि 17.03.2026 पढ़े |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर.

शुद्धि पत्र सं. 07/2025–2026 दिनांक: 28.02.2026

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 74 / ईटी /2025–26 दिनांक: 05.02.2026 | टेंडर नं. 03251075बी | निविदा खुलने की तिथि 27.02.2026 के स्थान पर तिथि 10.03.2026 पढ़े |
| 02 | 74 / ईटी /2025–26 दिनांक: 05.02.2026 | टेंडर नं. 05251075सी | निविदा खुलने की तिथि 03.03.2026 के स्थान पर तिथि 17.03.2026 पढ़े |
| 03 | 76 ईटी /2025–26 दिनांक: 13.02.2026 | टेंडर नं. 05251113ए | 1– आरडीएसओ ऐनेक्सर – XVI 2–अमेनडमेन्ट–1आफ अडिशनल बिड डाक्यूमेंट मोडिफिकेशन एज् पर कोरिजेन्डम 03 |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/मुख्यालय एवं बोगी

शुद्धि पत्र सं. 08/2025–2026 दिनांक: 02.03.2026

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 79/ ईटी /2025–26 दिनांक: 24.02.2026 | टेंडर नं. 11251309 | निविदा खुलने की तिथि 02.03.2026 के स्थान पर तिथि 09.03.2026 पढ़े |
| 02 | 79/ ईटी /2025–26 दिनांक: 24.02.2026 | टेंडर नं. 11251301 | निविदा खुलने की तिथि 02.03.2026 के स्थान पर तिथि 09.03.2026 पढ़े |
| 03 | 03 शुद्धि पत्र सं. 07/2025 2026 दिनांक: 28.02.2026 | टेंडर नं. 05251113 ए | लेटर मोडिफिकेशन एज् पर कोरिजेन्डम 04 |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.– एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर /शेल में फ्रंट पार्ट का निर्माण और सीबीसी फिटमेंट / सी691ए दिनांक :–28.02.2026 | आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है–

**कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार सामग्री की आपूर्ति सहित फ्रंट पार्ट का निर्माण और शेल में सीबीसी का फिटमेंट। **कार्य की अनुमानित लागत ₹:** ₹ 1,25,96,108.24, **निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹:** शून्य, **अमानत राशि:** ₹ 2,13,000.00 (₹ दो लाख तेरह हजार) मात्र। **कार्य की मात्रा–** शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधि –** 15 माह। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय –** दिनांक 23.03.2026 को 11.00 बजे। निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ शेल**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता/फर/समन्वय, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (ई–निविदा सं.– एम –200/एमसीएफ/आरबीएल/एफयूआर–एक्टिविटी/अनकपलिंग डिवाइस/2025–26–27/एफ–79, दिनांक 27.02.2026) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

**कार्य का नाम :** कार्य के दायरे के अनुसार एलएचबी प्रकार के कोचों में अनकपलिंग डिवाइस फिट करने हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में) :** ₹ 1679780.09, **कार्य की मात्रा :** 3795 कोच सेट। **कार्य समापन की अवधि–**18 माह या पहले। **ई–निविदा** दिनांक– 23.03.2026 को 15:00 बजे तक ऑन–लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **ई–निविदा** दिनांक– 23.03.2026 को 15:00 बजे के बाद ऑन–लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। ई–निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियन्ता/फर/समन्वय**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उन्नयन यात्रा रैली निकालकर टीएमसी ने भाजपा के खिलाफ किया शक्ति प्रदर्शन

❑ बीजेपी के खिलाफ लगे नारे

**हुगली, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल तेज होता जा रहा है जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकालकर सत्ता परिवर्तन का संदेश दे रही है, वहीं शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस की ओर से रिसड़ा से श्रीरामपुर तक उन्नयन यात्रा रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया गया। यह रैली श्रीरामपुर विधानसभा तृणमूल कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित की गई। रैली में चांपदानी के विधायक अरिंदम गुइन, रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन



जाहिद हसन खान, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआइसी संतोष सिंह, मनोज साव और हर्ष बनर्जी समेत बड़ी संख्या में टीएमसी कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली रिसड़ा के मैत्री पथ से शुरू होकर जीटी रोड होते हुए श्रीरामपुर बटतला मोड़ तक पहुंची और वहीं समाप्त हुई। पूरे रास्ते कार्यकर्ताओं ने 'बीजेपी हटाओ, देश बचाओ' के नारे लगाए और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विधायक अरिंदम गुइन ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पिछले 15 वर्षों में बंगाल का समग्र विकास हुआ है। इसी विकास को जनता तक पहुंचाने और लोगों का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से यह उन्नयन यात्रा निकाली गई है। गौरतलब है कि शनिवार को हुगली जिले में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा प्रस्तावित है। उससे एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस ने यह रैली निकालकर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की। वहीं भाजपा नेता कबीर शंकर बोस ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस हार के डर से बौखलाई हुई है। उनका आरोप है कि अगर बीते 15 वर्षों में सच में विकास हुआ होता तो जनता खुद उसकी सराहना करती। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध, अत्याचार, सिंडिकेट राज और बेरोजगारी बढ़ी है, जबकि शिक्षा व्यवस्था कमजोर हुई है और बिना कटमनी के कोई काम नहीं होता।

## डानकुनी के रघुनाथपुर में दीवार कब्जे को लेकर बवाल

❑ सीपीआई(एम) कार्यकर्ता की पिटाई का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के डानकुनी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में दीवार कब्जे को लेकर तनाव फैल गया। आरोप है कि सीपीआई (एम) के एक कार्यकर्ता को तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हालांकि तृणमूल ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है। बताया जा रहा है कि सीपीआई(एम) की रघुनाथपुर 2 नंबर शाखा के अंतर्गत 69 नंबर बूथ के कार्यकर्ता प्रदीप दास को घर से बुलाकर मारपीट की गई, जिसमें उनकी आंख में चोट लगी। आरोप है कि तृणमूल के स्थानीय पंचायत समिति सदस्य और उनके भाई इस घटना में शामिल हैं। दीवार पर चूना करने को लेकर शुरू हुआ विवाद बाद में मारपीट में बदल गया। गंभीर रूप से घायल प्रदीप दास को पहले चंडीतला ग्रामीण




अस्पताल और बाद में श्रीरामपुर के वॉल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद सीपीआई (एम) की नेता मिनाक्षी मुखोपाध्याय पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डानकुनी थाने पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को 24 घंटे का समय देते हुए चेतावनी दी कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। वहीं तृणमूल कांग्रेस के हुगली श्रीरामपुर सांगठनिक जिला उपाध्यक्ष तापस मुखोपाध्याय ने कहा कि किसी तरह की मारपीट नहीं हुई है। दीवार को लेकर दोनों पक्षों के बीच सिर्फ कहासुनी हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की आंख में चोट लग गई। उन्होंने सीपीआई(एम) के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि वे लोग दीवारों तक रहते हैं, जबकि हम लोगों के दिलों में रहते हैं।

## उम्मीदवार की घोषणा से पहले लगे पोस्टरों से चर्चा का बाजार गर्म

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के श्रीरामपुर में तृणमूल कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। पार्टी की ओर से अभी उम्मीदवारों की घोषणा भी नहीं हुई है, लेकिन शहर में 'तृणमूल उम्मीदवार' लिखे डॉ. सुदीप्त राय के पोस्टर लगाए गए हैं। ये पोस्टर श्रीरामपुर रेलवे स्टेशन के सबवे समेत कई जगहों पर देखे गए। पोस्टर में ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी और श्रीरामपुर के विधायक डॉ. सुदीप्त राय की तस्वीर भी लगी है। पोस्टर सामने आते ही राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। तृणमूल के हुगली-श्रीरामपुर संगठनात्मक जिला अध्यक्ष अरिंदम गुइन का दावा है कि ये पोस्टर भाजपा ने लगवाए हैं। वहीं पार्टी के भीतर से ही दो अलग-अलग बयान सामने आने से मतभेद भी उजागर हुआ। श्रीरामपुर के तृणमूल पार्षद और सुदीप्त राय के करीबी गौर मोहन दे ने कहा कि पार्टी के कुछ अति-उत्साही कार्यकर्ताओं ने ये पोस्टर लगाए हैं। भाजपा की राज्य कमेटी के सदस्य भास्कर भट्टाचार्य ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि 'उनका एक ही उम्मीदवार है, बाकी सब बेकार हैं।' हालांकि इस पूरे मामले पर विधायक डॉ. सुदीप्त राय ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है।

## राज्य में भाजपा की सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवां वेतन आयोग होगा लागू : समिक भट्टाचार्य



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा-हुगली क्षेत्र के बाली में शुक्रवार को आयोजित परिवर्तन यात्रा की एक सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य ने संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक हो गई है और राजनीतिक विरोधियों पर हमले तथा हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक धमकियों और हमलों के बावजूद भाजपा का परिवर्तन आंदोलन नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग को लागू किया जाएगा, जो राज्य के सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, राजनीतिक हस्तक्षेप और निवेश के लिए अनुकूल माहौल की कमी के कारण राज्य की औद्योगिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है। भट्टाचार्य ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए पारदर्शी नीतियां और सुरक्षित वातावरण आवश्यक है, जिसे भाजपा सरकार सुनिश्चित करेगी। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस का समय समाप्त होने वाला है और राज्य में राजनीतिक परिवर्तन निश्चित है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लोगों से परिवर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने और सिंडिकेट राज तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

## कोलकाता में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जूट, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर की समीक्षा बैठक की

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को कोलकाता में जूट, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर से जुड़े अधिकारियों और स्टेकहोल्डर्स के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में इनोवेशन, प्रोडक्ट डायवर्सिफिकेशन और वैल्यू एडिशन के माध्यम से पारंपरिक कपड़ा उद्योग को मजबूत बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। इस बैठक में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर के अधिकारी, कपड़ा मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रतिनिधि, जूट बोर्ड, सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर जूट एंड एलाइड फाइबर्स , नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरल फाइबर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजीऔर इंडियन जूट इंडस्ट्रीज रिसर्च एसोसिएशन सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक के दौरान गिरिराज सिंह ने जूट सेक्टर की बढ़ती संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि विविध और वैल्यू-एडेड उत्पादों के विकास के साथ इस क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है।



इस अवसर पर उन्होंने जूट आधारित फैब्रिक से बनी मोदी जैकेट और दुपट्टा पहना था, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत जूट, कॉटन और विस्कोस का मिश्रण था। यह पहनने योग्य टेक्सटाइल में जूट के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पहले जूट का उपयोग मुख्य रूप से पैकेजिंग सामग्री, जैसे बैग बनाने में होता था, लेकिन अब यह क्षेत्र फैशन गारमेंट्स और आधुनिक टेक्सटाइल उत्पादों तक विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि जूट आधारित फैब्रिक और नए फाइबर के विकास से किसानों, कारीगरों और उद्योग से जुड़े लोगों के लिए अधिक मूल्य सृजित होगा। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि प्राकृतिक फाइबर में तकनीक, नवाचार और विविधीकरण को बढ़ावा देना 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को मजबूत करेगा तथा देश के लाखों बुनकरों, कारीगरों और जूट किसानों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर पैदा करेगा।

## घर में अकेली रह रही वृद्ध महिला का मिला सड़ा-गला शव, हत्या की आशंका

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मध्य संतोषपुर मान्नापाड़ा इलाके में करीब 60 वर्षीय एक महिला का सड़ा-गला और निर्वस्त्र शव उसके घर से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी निर्मम हत्या की गई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, महिला घर में अकेली रहती थीं। उनके पति का पहले ही निधन हो चुका था, जबकि बेटा नौकरी के सिलसिले में विदेश में रहता है और बेटी की शादी हो चुकी है। परिजनों का कहना है कि पिछले चार दिनों से महिला से फोन पर संपर्क नहीं हो पा रहा था। शुक्रवार को स्थानीय लोग हालचाल लेने के लिए घर पहुंचे तो देखा कि घर के तीनों दरवाजे बाहर से बंद हैं। घर से तेज दुर्गंध आने पर लोगों को शक हुआ



और उन्होंने खिड़की से झांककर देखा। अंदर फर्श पर महिला का निर्वस्त्र और सड़ा-गला शव पड़ा था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को बरामद किया। प्रारंभिक आरोप है कि वारदात के बाद अपराधी घर को बाहर से बंद कर फरार हो गया। हावड़ा ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक सुबिमल पाल ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आरोपियों की तलाश में जांच जारी है।

# यूपी/बिहार/झारखंड

## रांची पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला

**रांची:** रांची पासपोर्ट कार्यालय को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला। इससे पहले पिछले महीने सिविल कोर्ट और जिलाधिकारी कार्यालय को भी इसी तरह की धमकियां मिली थीं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रातू रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय परिसर की गहनता से तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला जिससे कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह निकली। कोतवाली के पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सॉय ने बताया कि ईमेल से मिली धमकी की सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया, लेकिन तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने बताया कि तकनीकी टीम और साइबर प्रकोष्ठ की मदद से ईमेल के स्रोत का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## बलिया में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन की मौत, चार घायल

**बलिया (उप्र):** जिले के दो थाना क्षेत्रों में अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के धर्मापुर गांव के पास बृहस्पतिवार शाम एक तिपहिया टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। इस हादसे में गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के महेंद्र गांव की अर्चना पांडेय (40) तथा उनकी दो बेटियां प्रीति और प्रिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान अर्चना पांडेय की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक अन्य घटना रसड़ा थाना क्षेत्र के गढ़िया रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार शाम हुई, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, गौरपुरा गांव के दीपू गुप्ता (20) अपने साथी जीतेश शर्मा (17) के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। उसी दौरान गाजीपुर के जय प्रकाश सिंह (40) अपने सहयोगी बबलू कुमार (26) के साथ बाइक से रसड़ा की ओर जा रहे थे।

# राज्यसभा जाने से पार्टी या बिहार पर असर नहीं पड़ेगा : नीतीश कुमार



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने विधायक, विधान पार्षद और सांसदों को आश्वस्त किया है कि उनके राज्यसभा जाने से पार्टी और बिहार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। नीतीश ने भरोसा दिलाया कि वे दिल्ली के साथ साथ बिहार में भी रहेंगे और सभी चीजों को देखते रहेंगे। मुख्यमंत्री आवास में हुई पार्टी के विधायक, विधान पार्षद और सांसदों की बैठक के बाद यह जानकारी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने शुक्रवार को दी। दरअसल, नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने के फैसले से जदयू के कार्यकर्ता और नेता नाराज हैं। बैठक में भी कई विधायकों ने उन्हें अपने फैसले पर पुर्नविचार करने का आग्रह किया है। हालांकि मुख्यमंत्री ने साफ किया है कि वे किसी दवाब में नहीं बल्कि अपनी इच्छा से राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बिहार के विकास का जो रास्ता तय किया गया है वह रुकना नहीं चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि काम जारी रहेगा और वह खुद भी हर चीज पर नजर रखेंगे। नीरज ने बताया कि बैठक में विधायकों ने मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार को पार्टी में शामिल किये जाने की मांग रखी, उसके बाद जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री लालन सिंह ने यह घोषणा की निशांत ने राजनीति में आने की सहमति दे दी है और जल्द ही औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पत्रकारों से कहा कि पार्टी में अंतिम फैसला अब भी नीतीश कुमार का ही होता है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार में या पार्टी के भीतर कोई पत्ता भी उनकी मर्जी के बिना नहीं हिल सकता। नीरज ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं की पीड़ा के बारे में मुख्यमंत्री को बताया। उसके बाद मुख्यमंत्री ने सभी से कहा - 'मै हूं न।'

### कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रमुख नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद पार्टी के भीतर बेचैनी और असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं। कई कार्यकर्ताओं ने उनसे अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की है। कार्यकर्ता हाथ में तख्ती लेकर नीतीश कुमार से अपने फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील कर रहे हैं। एक कार्यकर्ता ने कहा, मुझे किसी साजिश की जानकारी नहीं है जिसकी वजह से इतना बड़ा फैसला लिया गया हो। लेकिन मैं यहां अपने नेता के बिहार छोड़ने के फैसले पर अपनी पीड़ा जताने आया हूं। हमें अनाथ जैसा महसूस हो रहा है। राज्य उनका ऋणी है और उन्हें हमें इस तरह बीच मझधार में नहीं छोड़ना चाहिए।

## आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाई, कहा - विकास की पहली शर्त सुरक्षा

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 'सुरक्षित उप्र-समृद्ध उप्र' की परिकल्पना को और सुदृढ़ करने के तहत 50 त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) वाहनों को हरी झंडी दिखाई और कहा कि विकास की पहली शर्त सुरक्षा होती है और उप्र पुलिस ने यह करके दिखाया है। 'सुरक्षित उप्र-समृद्ध उप्र' की परिकल्पना को और सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री योगी यहां आज लखनऊ में होंडा इंडिया फाउंडेशन और उप्र पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योगी ने कहा कि 2017 से राज्य में बेहतर कानून-व्यवस्था ने इसकी छवि को बदल दिया है। अब राज्य की छवि दंगों वाले इलाके के बजाय विकास के लिए एक सुरक्षित स्थान में बदल गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास तभी संभव है जब लोग सुरक्षित महसूस करें और उनकी संपत्ति की रक्षा हो। आदित्यनाथ ने 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के बनने और 2022 में फिर से पार्टी के



नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने का जिक्र करते हुए इस बदलाव का श्रेय 2017 और 2022 के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रदर्शन को दिया। कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस बल ने दिखाया है कि एक राज्य जो कभी अव्यवस्था, दंगों और अक्सर कर्फ्यू से ग्रस्त था, उसे 'सुरक्षित उत्तर प्रदेश' में बदला जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'विकास के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। अगर कोई इंसान सुरक्षित नहीं है, तो उसकी राजधानी और परिवार कैसे सुरक्षित रह सकता है?' आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में पुलिस तंत्र को बेहतर बनाने के लिए पिछले नौ साल में कई सुधार किए गए हैं। उप्र पुलिस ने यह करके दिखाया है। योगी आदित्यनाथ ने अब तक पुलिस व्यवस्था में आये सुधारों को जिक्र करते हुए कहा कि आज उप्र पुलिस और पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) की मांग देश के अन्य राज्यों में भी होती है और आज हमारे पास 12 फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं हैं, भारत का विश्व स्तरीय फॉरेंसिक संस्थान भी उप्र के पास है।' योगी ने कहा कि आपात स्थिति में जितनी त्वरित कार्रवाई होगी, वह कार्रवाई उतना ही भरोसे में बदलती है और वह भरोसा ही पारदर्शिता का कारण बनता है।

## बिहार : उमेश सिंह कुशवाहा लगातार तीसरी बार जद(यू) के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



**पटना:** जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश कार्यालय में पार्टी की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को उमेश सिंह कुशवाहा को लगातार तीसरी बार निर्विरोध जद(यू) की बिहार इकाई का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार, प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार 'मुन्ना' और परमहंस कुमार ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपा। इससे पहले, कुशवाहा ने प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारियों के समक्ष चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। निर्धारित समय-सीमा तक इस पद के लिए उनके अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके बाद तय जांच प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें निर्विरोध जद(यू) का बिहार प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर प्रस्तावक के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक लेसी सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक रत्नेश सदा, पूर्व मंत्री एवं विधायक शीला मंडल और डॉ. पूनम सिंह उपस्थित रहीं। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि पार्टी के नेता, राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में उन्हें लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी मिली है।

## पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन संकट की अफवाह, पेट्रोल पंप के बाहर लंबी कतारें

**लखीमपुर खीरी/बाराबंकी:** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पेट्रोलियम उत्पादों और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कमी की अफवाहों ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी और बाराबंकी के कई क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के बीच दहशत पैदा कर दी है, जिसके कारण शुक्रवार को कई पेट्रोल पंप पर लोगों की लंबी कतारें देखी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पेट्रोलियम उत्पादों की संभावित कमी की आशंका के बीच जिले के निघासन, पलिया और भीरा इलाकों में कई ईंधन स्टेशनों पर पेट्रोल और डीजल खरीदने के इच्छुक लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। जिला आपूर्ति



पदाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने हालांकि अफवाहों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'लखीमपुर खीरी जिले में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी की अफवाहें निराधार और बेबुनियाद हैं।'' उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और लोगों को अपनी आवश्यकता के अनुसार ही इनकी खरीद करनी चाहिए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी करते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने भी अफवाहों पर संज्ञान लिया और लोगों से न घबराने की अपील करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य है।

## होटल पर रुके यात्री ने छुरी से गला काटकर आत्महत्या की

**हापुड़ (उप्र):** जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में राजमार्ग स्थित एक होटल पर रुके एक यात्री ने कथित तौर पर छुरी से अपना गला काटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार देर रात गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के राजमार्ग पर स्थित एक होटल पर एक कार आकर रुकी। कार से उतरे बरेली निवासी सलमान ने होटल में रखी छुरी उठाकर अपनी गर्दन काट ली और भागते हुए पास खड़ी एक गाड़ी के नीचे गिर पड़ा। इस घटना से होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## पीलीभीत बाघ अभयारण्य में 'तस्करों' के हमले में पांच अधिकारी घायल, 64 लोगों पर मामला दर्ज

**पीलीभीत:** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत बाघ अभयारण्य के माला वन क्षेत्र में वन विभाग के गश्ती दल पर लकड़ी तस्करों और ग्रामीणों ने कथित तौर पर हमला कर पांच अधिकारियों को घायल कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग के दल पर हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि नेउरिया थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में कथित हमलावरों ने विभाग के एक वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थानीय थाना अधिकारी सुभाष मावी ने बताया कि वन उप निरीक्षक अमित कुमार की शिकायत के आधार पर 14 नामजद और 50 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दंगा, हत्या का प्रयास, सरकारी अधिकारियों को बाधा पहुंचाना और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। वन अधिकारियों के अनुसार, यह घटना तीन मार्च की रात लगभग पौने नौ बजे उस समय हुई, जब सूचना मिलने पर कि हथियारों से लैस लोगों का एक बड़ा समूह लकड़ी काटने और शिकार करने के इरादे से जंगल में घुस आया है, जिसके बाद उपनिरीक्षक कुमार के नेतृत्व में एक टीम तुरंत जंगल की ओर रवाना हुई। अधिकारियों ने बताया कि वन रक्षक सचिन सिंह, डिप्टी रेंजर शेर सिंह और टाइगर ट्रैकर धर्मेंद्र सहित टीम ने मारौरी वॉचटावर के पास समूह को रोकने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि लाठी, कुल्हाड़ी और धारदार हथियारों से लैस 100 से अधिक लोगों ने वनकर्मियों पर हमला कर दिया। कुमार और धर्मेंद्र को बुरी तरह पीटा गया। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर कुमार को मृत समझकर वहीं छोड़कर चले गए। हमलावरों ने डिप्टी रेंजर के वाहन में कथित तौर पर तोड़फोड़ की और बाद में वॉचटावर लौटकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। घायल वन अधिकारियों को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस बीच, मराउरी गांव के निवासी अशोक कुमार ने नेउरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वन कर्मियों ने ग्रामीणों पर हमला किया।

## सांसदों को संसद के प्रवेश द्वार पर वाहनों की गति 10 किमी प्रति घंटा से कम रखनी होगी

**नयी दिल्ली:** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होगा और ऐसे में सांसदों से कहा गया है कि वे अपने वाहन की गति को 10 किलोमीटर प्रति घंटे तक सीमित रखें ताकि संसद भवन के प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा उपकरणों को सक्रिय होने से रोका जा सके, जिससे कारों को नुकसान नहीं हो व उसमें बैठे लोगों को चोट न पहुंचे। संसद सुरक्षा सेवा ने संसद के भीतर सुरक्षा उपकरणों के संचालन के लिए परामर्श जारी किए हैं, जिसमें चेतावनी दी गई है कि वाहन की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए जब तक कि वे 'आयरन गेट्स' पर अंतिम सुरक्षा उपकरण को पार नहीं कर लेते।

## कर्नाटक: बेंगलुरु में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 124 नागरिकों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के बेंगलुरु में केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने शुक्रवार को एक विशेष अभियान में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 124 नागरिकों को हिरासत में लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिये गये इन लोगों में 48 पुरुष, 42 महिलाएं और 34 बच्चे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की चार विशेष टीमों ने शुक्रवार तड़के यहां कडुगोडी और वर्थुर थाना क्षेत्र में एक लक्षित अभियान चलाया। बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंत कुमार सिंह के कार्यालय ने एक बयान जारी कर बताया, अभियान के दौरान झुग्गियां बनाकर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 124 नागरिकों को हिरासत में लिया गया। इनमें 48 पुरुष, 42 महिलाएं और 34 बच्चे शामिल हैं।

## देशों को औद्योगिक परिसर का निर्माण करने के साथ प्रौद्योगिकी को उन्नत करना होगा: नौसेना प्रमुख

**नयी दिल्ली:** विश्व में जारी विभिन्न संघर्षों के मद्देनजर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि इन परिस्थितियों में देशों को अपने औद्योगिक परिसर का निर्माण करना होगा, उत्पादन के साथ-साथ प्रौद्योगिकी का उन्नयन करना होगा और 'त्वरित अनुकूलन' के लिए तैयार रहना होगा। वह यहां जारी 'रायसीना डायलॉग' में 'शांति के शिल्पकार: उदार व्यवस्था के लिए आयुध कारखाने' विषय पर एक सामूहिक चर्चा में बोल रहे थे। संवाद के दौरान उनसे विश्व के विभिन्न हिस्सों में हाल के संघर्षों से मिले कुछ 'सबक' के बारे में पूछा गया। इस पर नौसेना प्रमुख ने कहा, ''मैं भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा। लेकिन, जो बात स्पष्ट रूप से सामने आई है, और जिसे हमने विश्व भर में, विशेष रूप से पिछले तीन-चार वर्षों में देखा है, वह यह है कि यह संक्षिप्त और निर्णायक युद्ध का विचार... सवालों के घेरे में आ सकता है।'

## आंध्र प्रदेश शराब 'घोटाला' मामले में ईडी ने 441 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**अमरावती:** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने आंध्र प्रदेश शराब घोटाले में शामिल विभिन्न आरोपियों की 441 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। यह घोटाला कथित तौर पर राज्य में पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान हुआ था। जब्त की गई संपत्तियों में मुख्य आरोपी केसिरेड्डी राजशेखर रेड्डी, उनके परिवार के सदस्यों और संबंधित संस्थाओं, अन्य आरोपियों जैसे बूनेटी चाणक्य और उनकी संबंधित संस्थाओं और रिश्तेदारों, और डोंथिरेड्डी वासुदेव रेड्डी की संस्थाओं के अलावा कुछ अन्य लोगों से संबंधित बैंक जमा, सावधि जमा, भूखंड और अन्य अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने एक बयान में कहा कि 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद, नवगठित राज्य सरकार (मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी नेता जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में) ने आंध्र प्रदेश स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एपीएसबीसीएल) द्वारा संचालित सरकारी खुदरा दुकानों (जीआरओ) के माध्यम से खुदरा शराब की दुकानों पर एकाधिकार स्थापित कर लिया। वाईएसआरसीपी ने कहा कि ऐसे सभी आरोप निराधार हैं। एक आपराधिक साजिश के तहत, स्वचालित प्रणाली को जानबूझकर निष्क्रिय कर दिया गया और उसे एक मैनुअल प्रणाली से बदल दिया गया, जिससे आपूर्ति आदेश (ओएफएस) जारी करने में एपीएसबीसीएल अधिकारियों को असीमित विवेकाधीन शक्तियां प्राप्त हो गईं। ईडी के अनुसार, इस कथित घोटाले के कारण राज्य सरकार को 4,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# माओवादियों का सफाया करने के कगार पर भारत: अमित शाह

### ओडिशा में 3,275 करोड़ रुपये की 199 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया



**मुंडाली (ओडिशा):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश इस महीने के अंत तक माओवादियों का सफाया करने के कगार पर है और सुरक्षा बल आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपति तक लाल गलियारा बनाने का सपना देखने वालों को पराजित करेंगे। शाह ने कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सीआईएसएफ प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान करके देश की आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, 'आज, मैं राष्ट्र को आश्वस्त करना चाहता हूं कि देश 31 मार्च तक माओवादियों से मुक्त हो जाएगा। हमारी सेनाएं तिरुपति से पशुपति तक लाल गलियारा बनाने का सपना देखने वालों को पराजित करेंगी।' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा, 'हमारे सुरक्षा बल अपेक्षाओं पर खरे उतरे हैं और देश अब लाल विद्रोहियों का सफाया करने के कगार पर है।' गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बलों ने आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित की है जो किसी राष्ट्र की प्रगति के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। शाह ने कहा कि सीआईएसएफ जलाशयों और उद्योगों से लेकर संसद तक प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान कर रहा है।

### ओडिशा जल्द ही विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा: शाह

**पारादीप:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि ओडिशा जल्द ही देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा और अपने प्राकृतिक संसाधनों का सर्वोत्तम इस्तेमाल करके सबसे समृद्ध प्रदेश बन जायेगा। शाह ने यहां 'भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड' (इफको) के सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र का उद्घाटन करने के बाद दावा किया कि भाजपा सरकार ओडिशा में विकास करेगी, जिसकी पिछली सरकारों के दौरान 'उपेक्षा' की गई थी। गृह मंत्री ने कहा, 'ओडिशा की धरती के नीचे अपार संपदा है, लेकिन राज्य के लोग गरीब हैं। खनिज संपदा और विशाल समुद्री तट जैसे प्राकृतिक संसाधन ओडिशा को भारत का सबसे समृद्ध राज्य बना सकते हैं।' शाह ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं आज ओडिशा में आपको यह आश्वासन देने आया हूं कि आपके द्वारा गठित 'डबल इंजन' सरकार के नेतृत्व में ओडिशा जल्द ही विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो जायेगा।' 'डबल इंजन' शब्द का इस्तेमाल भाजपा नेता उस स्थिति के लिए करते हैं, जब केंद्र और किसी राज्य-दोनों जगह उनकी ही पार्टी की सरकार होती है। शाह ने कहा, 'आपने भाजपा को पूर्ण बहुमत दिया है। अब, 'डबल इंजन' वाली सरकार उस राज्य में बदलाव लाएगी, जो अपार संभावनाओं के बावजूद उपेक्षित रहा।'

## हम अपने एकत्व को नहीं पहचानते इसलिए युद्ध हो रहे हैं : भागवत



**जैसलमेर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवर को कहा कि हम अपने एकत्व को नहीं पहचानते, इसलिए दुनिया भर में कलह थमती नहीं है और युद्ध चलते रहते हैं। भागवत ने कहा कि लोग मन की करूणा भूल गए हैं और इस सत्य को भूल गए कि हम दिखते अलग अलग हैं लेकिन हम सब एक हैं। संघ प्रमुख जैसलमेर में जैन समुदाय के 'चादर महोत्सव' के उद्घाटन के अवसर पर 'धर्म सभा' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'मन की करूणा लोग भूल गए हैं... क्योंकि (इस) सत्य को भूल गए कि हम दिखते अलग-अलग हैं, लेकिन हम सब एक हैं। इसलिए कलह कभी थमती नहीं, युद्ध चलते रहते हैं।' उन्होंने कहा, 'पहला महायुद्ध हुआ ... यह फिर से न हो इसलिए 'लीग आफ नेशंस' की स्थापना हुई। लेकिन वह नहीं चली। फिर दूसरा महायुद्ध हुआ। यह फिर से न हो इसलिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई। लेकिन अब देख रहे हैं कि क्या हालात हैं। वह अपनी जगह पर है, निष्प्रभावी है। जो युद्ध चल रहे हैं वे थम नहीं रहे।' भागवत ने कहा, 'ये झगड़े क्यों होते हैं? ... हम पहचानते नहीं हमारे एकत्व को। इसलिए झगड़े होते हैं।' उन्होंने कहा, 'समय बड़ा कठिन है। और समय के साथ अपने देश की, अपने समाज, अपने धर्म की होड़ है। आक्रमण वगैरह तो है ही। ये आक्रमण भी इसलिए चल रहे हैं कि हम लोग सोए हैं.. हम लोग बटें हैं।' उन्होंने कहा, 'हमलोग अपने जीवन में भेद व स्वार्थों को तिलांजलि दे दें और देश के लिए जीने मरने पर उतारू हो जाएं तो हमारा समाज अच्छा बनेगा। हमारे सारे भेद व कलह समाप्त हो जायेंगे। भारत देश परम वैभव संपन्न तो बनेगा ही ...लेकिन विश्वगुरु बनकर एक नयी सुखी सुन्दर दुनिया को जन्म देगा।' आपसी सद्भाव का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, 'कहीं विवाद को सुलझाना है तो समझौता उसका रास्ता नहीं होता। तर्क उसका रास्ता नहीं होता। उसका रास्ता होता है सद्भावना। तभी हल निकलता है। बिना सद्भावना के हल नहीं निकलता। इसलिए उस सद्भावना को लेकर धीरे धीरे हमको पूरे समाज को तैयार करना है।' उन्होंने कहा, 'सब कलह मिट जाएं। हम सब खड़े हो जाएं... दुनिया में धर्म की रक्षा करने के लिए दुनिया के और सारे लोगों को अपने अपने रुचि, प्रकृति, परंपरा के अनुसार मोक्ष मार्ग मिले, संप्रदाय मिले, इसके लिए दुनिया एक नई सुंदर सुखी दुनिया बने इसके लिए हम को पहले एक भेदरहित, स्वार्थरहित... समतायुक्त, शोषणमुक्त समाज बनके खड़ा होना है।'

## पश्चिमी एशिया संकट 'बेहद असामान्य', वैश्विक अर्थव्यवस्था को कर सकता है प्रभावित: राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि बदलती भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं और भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास एवं क्षमता के साथ नेतृत्व प्रदान करे। सिंह ने कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम 'बेहद असामान्य' हैं और क्षेत्र की स्थिति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह बेहद असामान्य है। इस समय इस पर कोई ठोस टिप्पणी करना कठिन है कि पश्चिम एशिया में परिस्थितियां आगे किस दिशा में जाएंगी।' रक्षा मंत्री ने कहा, 'यदि हम होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी के पूरे क्षेत्र को देखें तो यह दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जब इस क्षेत्र में अशांति या व्यवधान होता है तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'आज हम केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति शृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है।' सिंह ने कहा, वैश्विक परिदृश्य एक असामान्य स्थिति में है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह असामान्य स्थिति अब सामान्य होती जा रही है। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी व ओमान की खाड़ी के बीच स्थित संकरे जलमार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध किए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में भारी उछाल आया है। वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत परिवहन इसी जलमार्ग से होता है। सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति ने एक बार फिर महासागरों के महत्व को उजागर किया है। उन्होंने कहा, 'बदलती वैश्विक भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। ऐसे समय में एक प्रमुख समुद्री राष्ट्र के रूप में भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास, क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व प्रदान करे।' रक्षा मंत्री ने हालांकि दो दिन पहले श्रीलंका के तट के पास अमेरिका द्वारा एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने की घटना का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई जिक्र नहीं किया।

## वर्ष 2025-26: सर्दियों में गाजियाबाद भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा, नोएडा-दिल्ली का दूसरा-तीसरा नंबर



**नयी दिल्ली:** वर्ष 2025-26 की सर्दियों के दौरान गाजियाबाद भारत का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जबकि नोएडा और दिल्ली क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। यह जानकारी 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) द्वारा किए गए वायु गुणवत्ता विश्लेषण में सामने आई है। सीआरईए के विश्लेषण के अनुसार, पर्याप्त निगरानी डेटा वाले देश के 238 शहरों में से कम से कम 204 शहरों में सर्दियों के दौरान पीएम2.5 की औसत सांद्रता भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से अधिक दर्ज की गई। यह संख्या पिछले वर्ष के 173 शहरों की तुलना में काफी अधिक है, जिससे स्पष्ट होता है कि देश के कई हिस्सों में सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण की स्थिति और गंभीर हो गई है।यह विश्लेषण केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों (सीएएक्यूएमएस) के एक अक्टूबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक के आंकड़ों पर आधारित है।रिपोर्ट के मुताबिक, सर्दियों के दौरान गाजियाबाद में पीएम2.5 की औसत सांद्रता 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई, जो देश में सबसे अधिक रही। नोएडा 166 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ दूसरे और दिल्ली 163 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहा।दिल्ली में सर्दियों के दौरान वायु गुणवत्ता के हालात भी बेहद चिंताजनक रहे। इस अवधि में राजधानी में 18 दिन 'गंभीर' श्रेणी में, 87 दिन 'बेहद खराब', 24 दिन 'खराब', 15 दिन 'मध्यम', छह दिन 'संतोषजनक' और केवल एक दिन 'अच्छा' दर्ज किया गया। 10 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की सूची में ग्रेटर नोएडा, बहादुरगढ़, धारूहेड़ा, गुरुग्राम, भिवाड़ी, चरखी दादरी और बागपत भी शामिल रहे। इनमें ग्रेटर नोएडा चौथे और बागपत दसवें स्थान पर रहा। इस सूची में उत्तर प्रदेश और हरियाणा के चार-चार शहर शामिल हैं, जबकि दिल्ली और राजस्थान से एक-एक शहर शामिल हुआ। राज्य स्तर पर हरियाणा में सबसे अधिक ऐसे शहर पाए गए, जहां सभी निगरानी स्थलों पर पीएम2.5 का स्तर निर्धारित मानकों से अधिक था। राज्य के 24 शहरों में यह स्थिति दर्ज की गई। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के नौ, पंजाब के आठ, पश्चिम बंगाल के सात और गुजरात के छह शहरों में भी प्रदूषण का स्तर तय सीमा से ऊपर रहा। वहीं राजस्थान के 34 में से 33, महाराष्ट्र के 31 में से 30, बिहार के 24 में से 23, उत्तर प्रदेश के 20 में से 17, ओडिशा के 14 में से 13 और मध्यप्रदेश के 13 में से 11 शहरों में भी पीएम2.5 का स्तर मानकों से अधिक पाया गया।रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक का चामराजनगर सर्दियों के दौरान देश का सबसे स्वच्छ शहर रहा, जहां पीएम2.5 की औसत सांद्रता 19 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। 10 सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में कर्नाटक के आठ शहरों के साथ मध्यप्रदेश और मेघालय का एक-एक शहर शामिल रहा। सीआरईए के भारत विश्लेषक मनोज कुमार ने कहा कि एनसीआर क्षेत्र के लिए पीएम2.5 में कमी के लक्ष्य तय किए गए हैं, लेकिन देशभर में भी इसी तरह के लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता है।

## ईडी ने रिलायंस पावर से जुड़े लोगों के खिलाफ छापेमारी की



**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह की कंपनी 'रिलायंस पावर लिमिटेड' से जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रिलायंस पावर ने अपने परिसर या कार्यालय में संघीय जांच एजेंसी द्वारा छापेमारी किए जाने की बात को पूरी तरह नकार दिया। अधिकारियों ने बताया कि इस कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10-12 ठिकानों पर दोनों शहरों में छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एजेंसी की करीब 15 टीम छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं। रिलायंस पावर ने 'स्टॉक एक्सचेंज' को दिए गए एक बयान में कहा कि 'हमारी जानकारी के अनुसार, कंपनी के किसी भी कार्यालय या परिसर में ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।' ईडी, कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले के तहत अनिल अंबानी से जुड़ी कई कंपनियों की जांच कर रही है और इसके साथ ही विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत वित्तीय अनियमितताओं की भी जांच की जा रही है। अनिल अंबानी (66) से ईडी ने इस जांच के तहत धन शोधन रोधी कानून के अंतर्गत दो बार पूछताछ की है। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर ईडी ने अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। ईडी द्वारा उच्चतम न्यायालय को दी गई जानकारी के अनुसार, उसने बैंक ऋण धोखाधड़ी और अन्य वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) के खिलाफ धन शोधन के तीन मामले दर्ज किए हैं।

## साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग से 2.25 करोड़ रुपये ठगे, गुजरात से एक गिरफ्तार

**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में शामिल होने के आरोप में गुजरात से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक बुजुर्ग को आतंकवाद से जुड़ी फर्जी जांच में गिरफ्तारी की धमकी देकर 2.25 करोड़ रुपये ठगे गए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी किशन भावेशभाई मकवाना ने कथित तौर पर साइबर जालसाजों के लिए बैंक खाते खोले थे ताकि वे पीड़ितों से चोरी किए गए धन को वहां रख सकें। उन्होंने बताया कि गोरेगांव के 77 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार, पिछले साल नवंबर में साइबर जालसाजों ने उनसे संपर्क किया और उन पर झूठा आरोप लगाया कि उन्होंने आतंकवादियों के लिए जम्मू कश्मीर में बैंक खाता खोला है और इसके जरिए 70 लाख रुपये कमीशन के रूप में प्राप्त किया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को मुंबई पुलिस मुख्यालय का वरिष्ठ अधिकारी आकाश शर्मा बताया और शिकायतकर्ता से पूछताछ के लिए बुलाया। बुजुर्ग के असमर्थता जताने पर फोन एक अन्य व्यक्ति को दे दिया गया, जिसे लखनऊ के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) से बताया गया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर एक संदेश में फर्जी गिरफ्तारी और कुर्की आदेश की प्रतियां भी भेजी गई थीं।

## गृह मंत्रालय ने एनएसजी में शामिल सीएपीएफ, असम राइफल्स कर्मियों की प्रतिनियुक्ति बढ़ाने को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने आतंकवाद रोधी कमांडो बल एनएसजी में प्रतिनियुक्ति पर आने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स के कर्मियों का कार्यकाल बढ़ाकर सात वर्ष कर दिया है। यह निर्णय 'ब्लैक कैट' बल की विशेष लड़ाकू आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने इन जवानों की प्रतिनियुक्ति का समय मौजूदा पांच साल (दो बार एक-एक साल बढ़ाया जा सकता है) से बढ़ाकर सात साल करने का अनुरोध किया था, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस फैसले को मंजूरी दी। एनएसजी एक संघीय आतंकवाद रोधी बल है और इसके कमांडो को 'ब्लैक कैट्स' कहा जाता है, क्योंकि लड़ाई में अपनी भूमिका के दौरान वे पूरी तरह काले परिधान में होते हैं। यह बल विशेष आतंकवाद रोधी अभियान का संचालन करता है और उच्च जोखिम वाले वीआईपी लोगों को सुरक्षा घेरा प्रदान करता है।

## आंध्र प्रदेश सरकार 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाएगी

**अमरावती:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में अगले 90 दिन के अंदर 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक लगा दी जाएगी। इससे पहले कर्नाटक सरकार ने भी इसी तरह की घोषणा की। विधानसभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस बात पर भी चर्चा कर रहे हैं कि क्या इस रोक को 13 से 16 साल के बच्चों तक बढ़ाया जाए। नायडू ने कहा, निश्चित रूप से, हम यह पक्का करेंगे कि 90 दिन के अंदर 13 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल न कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार 13 से 16 साल के किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने के संबंध में निर्णय लेगी। तिरुपति लड्डू घी में कथित मिलावट के मामले का जिक्र करते हुए नायडू ने कहा, ''वेंकटेश्वर स्वामी लड्डू का अनादर किया गया है। यह कोई साधारण अपराध नहीं है। यह एक सोची-समझी साजिश थी।'' आंध्र प्रदेश में 2024 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विधायक दल की बैठक के दौरान नायडू ने आरोप लगाया था कि पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और करोड़ों श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र माने जाने वाले और पसंद किए जाने वाले लड्डू को बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया।

# त्योहार पर बहा खून, होली के जश्न में गुब्बारे के छींटें पड़ने पर युवक की हत्या

**नयी दिल्ली :** द्वारका के उत्तम नगर में जेजे कॉलोनी इलाके में होली के जश्न के दौरान दो परिवारों के बीच हुई झड़प में एक 26 साल के युवक तरुण की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जांच में पता चला कि विवाद रंगीन पानी से भरे गुब्बारे से छींटें पड़ने के कारण हुआ था। तरुण ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। द्वारका जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना बुधवार को उस समय हुई जब इलाके के दो परिवारों के सदस्यों के बीच लड़ाई हो गई। झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मृतक के परिवार वालों ने कहा कि एक 11 साल की लड़की, जो घर की छत पर होली खेल रही थी, उसने नीचे अपने रिश्तेदारों पर पानी का गुब्बारा फेंका। गुब्बारा सड़क पर गिरा और फट गया, जिससे कुछ रंगीन पानी दूसरे परिवार की एक महिला पर गिर गया, जो दूसरे समुदाय की है। तरुण के दादा मान सिंह ने बताया कि औरत ने गालियां देना शुरू कर दिया और इस घटना को लेकर लड़ाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि हालांकि मामला शांत हो गया था, लेकिन बाद में दूसरे परिवार के लोग इट्ठा हो गए और तरुण पर हमला कर दिया। उस समय तरुण होली मनाकर घर लौट रहा था। मान सिंह ने आरोप लगाया कि उन्होंने तरुण को बुरी तरह पीटा। जब वह सड़क पर पड़ा था, तो उसकी छाती पर एक बड़ा पत्थर फेंककर मारा गया।

### वाहनों में आग लड़ाई, सड़कों पर प्रदर्शन किया

**नयी दिल्ली:** होली खेलने को लेकर हुई झड़प में 26 वर्षीय युवक की मौत के बाद, शुक्रवार को दिल्ली के उत्तम नगर में तनाव व्याप्त रहा और इस दौरान एक कार और एक मोटरसाइकिल को आग लगा दी गई तथा हिंदू राजनीतिक संगठनों के विरोध प्रदर्शनों के कारण यहां कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने उत्तम नगर पूर्व मेट्रो स्टेशन के पास विरोध प्रदर्शन किया, जिससे मुख्य सड़क अवरुद्ध हो गई और घंटों यातायात ठप रहा। प्रदर्शनकारी हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। व्यस्त इलाके में कई प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी की। घंटों तक चले इस प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। पुलिस कर्मियों को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने और क्षेत्र में यातायात की आवाजाही बहाल करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।



## हादसे में मारे गए पायलट ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में लिया था हिस्सा, 10 दिन पहले परिवार से मिले थे: पिता

**नागपुर:** असम में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान हादसे में अपने बेटे फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर को खोने वाले रवींद्र दुरागकर के पास अब उनकी यादों के सिवा कुछ नहीं बचा है। बुधवार को बेटे से फोन पर हुई आखिरी बातचीत और 10 दिन पहले परिवार के साथ बिताए आत्मीय पल ही अब उन्हें इस गहरे शोक के बीच किसी तरह संभाले हुए हैं। भारतीय वायुसेना के अधिकारी, नागपुर के न्यू सूबेदार लेआउट में स्थित पुरवेश दुरागकर के घर उनके पिता को सांत्वना देने पहुंचे जहां गहरे शोक में डूबे रवींद्र किसी तरह खुद को संभालते और बार-बार बस यही कहते रहे कि उनके बेटे को लड़ाकू विमान उड़ाने पर बेहद गर्व था। भारतीय वायु सेना ने शुक्रवार को बताया कि असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर की मौत हो गई। सुखोई-30 लड़ाकू विमान बृहस्पतिवार शाम असम के कार्बी आंगलोंग जिले के ऊपर उड़ान भरते समय रडार से ओझल हो गया था। रवींद्र ने रुंधे गले से कहा, ''बुधवार को ही हमारी बात हुई थी। उसके ग्रुप कैप्टन ने हमसे संपर्क किया और हादसे की सूचना दी।'' उन्होंने बताया कि उनके 28 वर्षीय बेटे ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में हिस्सा लिया था। भारत ने पिछले वर्ष पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। उन्होंने कहा कि पुरवेश अपने कार्य के प्रति पूरी तरह समर्पित था। रवींद्र ने कहा कि पुरवेश की मूल तैनाती असम के तेजपुर में थी लेकिन तेजपुर के रनवे पर काम चलने के कारण वह जोरहाट से काम कर रहे थे। रवींद्र के एक पड़ोसी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुरवेश के परिवार में उनके माता-पिता और एक बहन हैं जो अमेरिका में रहती है और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से पढ़ी है। पड़ोसी ने बताया कि पुरवेश और उनकी बहन 10 दिन पहले एक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए घर आए थे। रवींद्र ने भी उस पारिवारिक कार्यक्रम को याद किया। नागपुर में स्कूली शिक्षा प्राप्त करने वाले पुरवेश अविवाहित थे। रवींद्र ने कहा कि उनके बेटे का पार्थिव शरीर संभवत: शाम तक नागपुर लाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''मेरे बेटे को भारतीय वायु सेना का हिस्सा होने पर बेहद गर्व था। वह लड़ाकू विमान उड़ाने के अपने अनुभव और भारतीय वायु सेना के विमानों की रफ्तार के बारे में कभी-कभी बात किया करता था। वह अपने सहकर्मियों का बहुत सम्मान करता था।'



## बुमराह भी इंसान हैं, उनका भी दिन खराब हो सकता है: फिलिप्स

**अहमदाबाद :** न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ग्लेन फिलिप्स ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं लेकिन उनका भी दिन खराब हो सकता और उनकी टीम रविवार को टी20 विश्व कप फाइनल में इसी उम्मीद के साथ खेलेगी। बुमराह भारत के स्टार रहे हैं, उन्होंने पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। डेथ ओवरों में उनकी गेंदबाजी बेहतरीन रही। फिलिप्स को टी20 विश्व कप से पहले द्विपक्षीय सीरीज में भारतीय दिग्गज के खिलाफ कुछ हद तक सफलता मिली थी। हालांकि उनका मानना है कि गलती करना इंसान का स्वभाव है और बुमराह भी इससे अलग नहीं होंगे। फिलिप्स ने मेजबान टीम के लिए चेतावनी देते हुए और बुमराह की तारीफ करते हुए कहा, ''बुमराह एक शानदार गेंदबाज हैं। उनके पास बहुत सारे वैरिएशन हैं। वह डेथ ओवरों में बहुत अच्छी गेंदबाजी करते हैं। वह भी इंसान हैं। उनका दिन खराब हो सकता है, जैसा कि हम बाकी लोगों का होता है। इसलिए उम्मीद है कि उनके खिलाफ हमारा दिन अच्छा रहेगा।''

# वरुण की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय, लेकिन अक्षर ने कहा वह अब भी तुरुप का इक्का



**मुंबई :** पिछले कुछ मैचों में वरुण चक्रवर्ती के खराब प्रदर्शन को देखकर लग रहा है कि उनकी रहस्यमयी गेंदबाजी का रहस्य अब सुलझता नजर आ रहा है लेकिन उनके साथी खिलाड़ी अब भी इस लेग स्पिनर को अपनी टीम का तुरुप का इक्का मानते हैं। अगर टीम प्रबंधन रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में दुनिया के शीर्ष गेंदबाज को टीम में बनाए रखने का फैसला करता है, तो वह भारत के लिए कमजोर कड़ी साबित हो सकते हैं। टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण के बाद से उनकी फॉर्म में लगातार गिरावट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। चक्रवर्ती को टूर्नामेंट के अंतिम चरण में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने मन में मौजूद शंकाओं को दूर करने की जरूरत होगी। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में जैकब बेथेल ने चक्रवर्ती को अपने निशाने पर रखा था। इस भारतीय गेंदबाज ने चार ओवर में 64 रन देकर एक विकेट लिया। भारत के उप कप्तान अक्षर पटेल ने हाल ही में चक्रवर्ती से बातचीत की है और इस बात पर जोर दिया कि जब चीजें अनुकूल नहीं चल रही हों तब भी अपनी रणनीति पर कायम रहना कितना महत्वपूर्ण है। अक्षर ने कहा, ''हमने चक्रवर्ती की मौजूदा समस्याओं के बारे में बात की है। हमने इस समय कई नॉकआउट मैच खेले हैं, इसलिए सही मानसिकता का होना बहुत महत्वपूर्ण है। कौशल और बाकी चीजें भी मायने रखती हैं, लेकिन हमने उससे यही कहा कि जब उसकी गेंदों पर रन बनने लगें तो अपनी रणनीति को नहीं बदलें।''

### क्या भारत फाइनल में अभिषेक को बाहर करेगा, फिलहाल ऐसा नहीं लगता



अभिषेक शर्मा की खराब फार्म को लेकर जताई जा रही चिंता अब खुलकर आलोचना में बदल गई है, लेकिन इसके बावजूद पूरी संभावना है कि वह टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल में अंतिम एकादश बने रहेंगे क्योंकि भारत जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में बदलाव नहीं करना चाहता है। इस टूर्नामेंट में भारत के दो सलामी बल्लेबाजों की किस्मत एकदम से विपरीत रही। जब प्रतियोगिता शुरू हुई तो अभिषेक को शीर्ष क्रम में मजबूत आधार माना जा रहा था जबकि संजू सैमसन के स्थान को लेकर सवाल बने हुए थे और कहा जा रहा था कि यह प्रतियोगिता उनके करियर के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ के करो या मरो वाले मुकाबले ने परिस्थितियों में काफी बदलाव कर दिया है। सैमसन ने पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे अब सभी का ध्यान अभिषेक की फॉर्म पर केंद्रित हो गया है। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। अपने पिछले छह मैचों में उन्होंने क्रमशः 0, 0, 0, 15, 10 और 9 रन बनाए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक को छोड़कर उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन फाइनल मुकाबले के लिए शीर्ष क्रम में कोई बदलाव नहीं करना चाहता है।

## टीम को अभिषेक पर और अभिषेक को खुद पर भरोसा होना चाहिये : कपिल



**नयी दिल्ली :** पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में अभिषेक शर्मा को खराब फॉर्म के बावजूद टीम में रखना चाहिये। अभिषेक ने इस टूर्नामेंट में एकमात्र अर्धशतक जिम्बाब्वे के खिलाफ लगाया है। कपिल ने यहां गोल्फ के एक कार्यक्रम से इतर कहा ,'' अपनी टीम पर भरोसा रखो और प्रबंधन को खिलाड़ी पर भरोसा रखना चाहिये। अभिषेक को खुद पर भरोसा रखना होगा कि मैं खेल सकता हूं और मैं खेलूंगा। '' भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को इंग्लैंड को सात रन से हराया। कपिल ने कहा कि उन्होंने उम्मीद नहीं की थी कि मैच इतना करीबी होगा। उन्होंने कहा ,'' मुझे नहीं लगा था कि भारत के 250 से ज्यादा रन होने के बाद कोई मुश्किल होगी। यह शानदार मैच था। भारत को जीत की बधाई लेकिन आखिर में जीत क्रिकेट की हुई। मैने इस मैच का पूरा मजा लिया लेकिन एक गेंदबाज के रूप में नहीं। '' उन्होंने भारी दबाव वाले मैच में जसप्रीत बुमराह के शानदार प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि डैथ ओवरों में उसके प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि वह दुनिया का नंबर एक गेंदबाज क्यों है। उन्होंने कहा ,'' बुमराह दुनिया का नंबर एक गेंदबाज है। वह सर्वश्रेष्ठ है और इसलिये क्योंकि दबाव में अच्छा प्रदर्शन करता है। ''

## सैमसन टी20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है जिन्हें टी20 विश्व कप के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं। सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने नाबाद 97 और 89 रन की पारी खेल कर भारत को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वेस्टइंडीज टीम अब भी कोलकाता में फंसी, न्यूजीलैंड रवाना हो सकते हैं दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाड़ी

**कोलकाता :** आईसीसी टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम लगातार पांचवें दिन भी कोलकाता में फंसी हुई है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में लगे प्रतिबंधों के कारण उनकी यात्रा योजना प्रभावित हुई है। हालांकि टीम को स्वदेश भेजने के लिए एक विशेष विमान की व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन स्थानीय सूत्रों के अनुसार अभी 'एयर ट्रैफिक' से अंतिम मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। मंजूरी मिलते ही टीम को भारत से रवाना किया जा सकता है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के एक अधिकारी ने बताया कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका दोनों टीमों की रवानगी को लेकर अंतिम जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका दोनों टीमों की रवानगी के बारे में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के चार खिलाड़ी शुक्रवार रात न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो सकते हैं। ये खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला के लिए यात्रा कर सकते हैं, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी बाकी है। वेस्टइंडीज की टीम भारत से पांच विकेट से हारने के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी बुधवार को पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार के साथ समाप्त हो गया। दक्षिण अफ्रीका को 15 मार्च से न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलनी है। ऐसे में टीम के कुछ खिलाड़ियों के जल्द रवाना होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम कोलकाता से कब रवाना होगी। इस बीच क्रिकेट वेस्टइंडीज ने गुरुवार को पुष्टि की थी कि टीम को स्वदेश भेजने के लिए विशेष विमान की व्यवस्था की जा रही है। खाड़ी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण टीम चार दिनों से अधिक समय से कोलकाता में रुकी हुई है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपने बयान में कहा कि टीम की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की गई है। बैठक में क्रिकेट वेस्टइंडीज, आईसीसी के अधिकारी, टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल में करेंगे अंपायरिंग इलिंगवर्थ और वार्फ



**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स वार्फ भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगे। इलिंगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगे। इससे पहले वह 2024 में क्रिस गैफनी के साथ फाइनल में अंपायरिंग कर चुके हैं। गत चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड रविवार को अहमदाबाद में ट्रॉफी के लिए एक दूसरे के सामने होंगे। इलिंगवर्थ पुरुष 2023 विश्व कप फाइनल और पुरुष 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भी अंपायरिंग कर चुके हैं। इलिंगवर्थ के साथ उनके हमवतन वार्फ भी हैं जो पहली बार सीनियर आईसीसी विश्व कप फाइनल में अधिकारी होंगे। वार्फ इससे पहले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 टूर्नामेंट में अंपायरिंग कर चुके हैं। वह पिछले साल ही आईसीसी के अंपायरों के एमिरेट्स एलीट पैनल में शामिल हुए थे। न्यूजीलैंड की बुधवार को सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत के दौरान भी ये दोनों मौजूद थे।

## भारत और इंग्लैंड के बीच विश्व कप सेमीफाइनल ने वैश्विक डिजिटल दर्शक संख्या का रिकॉर्ड तोड़ा : आईसीसी

**अहमदाबाद :** भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल ने डिजिटल खेल दर्शक संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और जियो हॉटस्टार पर 65.2 मिलियन दर्शकों की चरम समवर्तीता ( पीक कॉनकरेंसी) दर्ज की गई। आईसीसी ने यह जानकारी दी। भारत ने इंग्लैंड को करीबी मुकाबले में सात रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक्स पर लिखा ,'' आईसीसी टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल ने डिजिटल दर्शक संख्या का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। भारत और इंग्लैंड क्रिकेट टीमों के बीच इस मैच में जियो हॉटस्टार पर 65.2 मिलियन दर्शकों की चरम समवर्तीता दर्ज की गई जो दुनिया भर में किसी लाइव खेल आयोजन के लिये रिकॉर्ड है। '' उन्होंने कहा ,'' यह भारतीय प्रशंसकों को एकत्र करने के लिये बड़े वैश्विक क्रिकेट की अतुलनीय क्षमता के साथ आईसीसी में मेरी टीम और हमारे साझेदार जियो स्टार की बड़े पैमाने पर प्रशंसकों को जोड़ने की काबिलियत को भी दिखाता है। ''



## भारत से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करेगा मॉरीशस

**नयी दिल्ली :** मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने शुक्रवार को कहा कि मॉरीशस जल्द ही सरकार-से-सरकार (जी2जी) व्यवस्था के तहत भारत से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात शुरू करेगा। रामफल ने कहा, पहले भी हमारे पास भारतीय सरकार के साथ एक समान व्यवस्था थी, जिसमें मैंगलोर तेल रिफाइनरी शामिल थी। यह सरकार-से-सरकार व्यवस्था थी और हमें लगातार पेट्रोल की आपूर्ति अपेक्षाकृत कम कीमत पर मिलती थी। हम भारत सरकार के साथ इसी तरह की व्यवस्था की उम्मीद कर रहे हैं। मॉरीशस पूरी तरह से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर करता है, और यहां सालाना परिष्कृत पेट्रोलियम आयात का मूल्य लगभग 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर है। रामफल ने यह भी कहा, हम यह विचार कर रहे हैं कि शायद पेट्रोल को रुपये में खरीदें, जिससे यह मॉरीशस के लिए और भी आकर्षक हो जाएगा।

## सोना 1,100 फिसला, चांदी 600 रुपये टूटी

**नयी दिल्ली :** कारोबारियों द्वारा लगातार दूसरे सत्र में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली किये जाने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,100 रुपये घटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी भी फिसलकर 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,100 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सर्राफा बाजार में चांदी भी 600 रुपये टूटकर 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। विश्लेषकों ने कहा कि हाल ही में कीमती धातु की कीमतों में तेज उछाल के बाद व्यापारियों ने मुनाफावसूली की, भले ही वैश्विक रुझान मिश्रित रहे।

## रुपया 18 पैसे टूटकर 91.82 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे लुढ़ककर 91.82 पर बंद हुआ। रुपये में यह गिरावट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति की वजह से आई।

# सरकार ने रिफाइनरियों पर लगाया एस्मा, एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का दिया निर्देश




**नयी दिल्ली :** सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था, जबकि बाकी का आयात किया गया था। भारत का 85-90 प्रतिशत आयात सऊदी अरब जैसे देशों से आता है जो आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच एक सप्ताह से जारी संघर्ष के कारण यह समुद्री मार्ग बंद हो गया है। भारत में तेलशोधन क्षमता पर्याप्त होने के बावजूद तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार ने रिफाइनरियों को इसका उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए।

## पश्चिम एशिया संकट से निपटने मे निर्यातकों को मदद के लिए हरसंभव नीतिगत कदम उठाएंगे : गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार मौजूदा पश्चिम एशियाई संकट से निपटने में घरेलू निर्यातकों की मदद के लिए सभी नीतिगत और सहायक उपायों का इस्तेमाल करेगी। गोयल ने कहा कि सरकार ने दैनिक आधार पर मुद्दों पर विचार करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। गोयल ने 'आईआईएफटी वाइस चांसलर कॉन्क्लेव' के मौके पर संवाददाताओं से कहा, ''सरकार हमारे निर्यातकों को समर्थन देने के लिए हर नीतिगत उपाय और निर्यात प्रोत्साहन मिशन का उपयोग करेगी। '' उन्होंने कहा, ''हम अपने निर्यातकों को सहूलियत देने के लिए कुछ तरीकों को औपचारिक रूप देंगे। '' ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए संयुक्त हमले के बाद निर्यातकों को पश्चिम एशिया में खेप की आवाजाही के संबंध में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''हर दिन अंतर-मंत्रालयी समूह निर्यातकों से बात करता है...वे प्रतिक्रिया लेते हैं और हम किसी भी तरह से अपने निर्यातकों का समर्थन करने में पीछे नहीं रहेंगे। '' उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपने उद्योगों द्वारा विदेशों के खरीदारों से किए गए सभी समझौतों और वादों को पूरा करता रहेगा, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों। वाणिज्य मंत्रालय इस मुद्दे पर पोत परिवहन मंत्रालय और शिपिंग कंपनियों से भी लगातार बातचीत कर रहा है, ताकि निर्यातकों की समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। जब उनसे माल ढुलाई के बढ़ते खर्च के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस पर भी काम कर रहा है और यह देख रहा है कि निर्यातकों पर पड़ने वाले बोझ को कैसे कम किया जाए।

## पेट्रोलियम लॉबी वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव आसानी से नहीं होने देगी: गडकरी



**पुणे :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि 22 लाख करोड़ रुपये के ईंधन आयात से जुड़े हितों के कारण पेट्रोलियम लॉबी देश में वैकल्पिक एवं हरित ईंधनों को बढ़ावा देने के प्रयासों का आसानी से समर्थन नहीं करेगी। गडकरी ने यहां 'इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी' (आईएफजीई) के संपीडित बायो-गैस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के कारण पेट्रोलियम लॉबी उनके खिलाफ पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने कहा, ''पिछले 12 वर्षों से परिवहन मंत्री रहने के दौरान मैंने सीएनजी, एलएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास को देखा है। हरित ईंधन की अर्थव्यवस्था में हमारी एक प्रतिशत भी हिस्सेदारी नहीं है, लेकिन पेट्रोलियम लॉबी पूरी ताकत से मेरे पीछे पड़ी हुई है। साफ है कि बहुत से लोगों के हित जीवाश्म ईंधन के आयात से जुड़े हैं। जब देश का करीब 22 लाख करोड़ रुपये का आयात बिल इससे जुड़ा हो, तो यह लॉबी इतनी आसानी से हरित ईंधन के सपनों को पूरा नहीं होने देगी। '' उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का करीब 86 प्रतिशत आयात करता है और जीवाश्म ईंधन के आयात पर हर साल लगभग 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं। गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश की परिवहन व्यवस्था को स्मार्ट, सुरक्षित और टिकाऊ बनाना है। इसके लिए गैर-प्रदूषणकारी और स्वदेशी ईंधन को बढ़ावा देने सहित कई पहल की गई हैं।

## अब म्यूचुअल फंड फोलियो को लॉक कर सकेंगे निवेशक, सेबी ने दी नई सुविधा

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को म्यूचुअल फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा' शुरू करने की घोषणा की। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी। इसके तहत निवेशक अपना फोलियो लॉक कर सकेंगे, जिससे लॉक रहने तक उस फोलियो से म्यूचुअल फंड यूनिट डेबिट नहीं की जा सकेंगी। बाजार नियामक ने कहा कि स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा 30 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। सेबी के मुताबिक, म्यूचुअल फंड फोलियो लॉक करने की सुविधा पहले चरण में रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के जरिये 'एमएफ सेंट्रल' मंच पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा केवल उन निवेशकों के लिए होगी जिनका केवाईसी पूरा है और जिनके वैध ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर दर्ज हैं। म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन 'एम्फी' को फोलियो लॉक और अनलॉक करने की विस्तृत प्रक्रिया तय करने का निर्देश दिया गया है। यह भी तय किया जाएगा कि लॉक अवधि के दौरान कौन-कौन से वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन की अनुमति होगी।

## एनएचएआई ने 1,140 टोल प्लाजा पर 5,100 महिला कर्मचारियों को तैनात किया

**नयी दिल्ली :** महिला सशक्तीकरण और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के 1,140 से अधिक टोल प्लाज़ा में दिन की पाली में टोल बूथ संचालित करने के लिए 5,100 से अधिक महिला कर्मचारियों को तैनात किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि अग्रिम पंक्ति की परिचालन भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर एनएचएआई का लक्ष्य देश भर के टोल प्लाजा पर सेवा वितरण में सुधार के साथ-साथ सामाजिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय टोल प्लाजा संचालकों और नेशनल हाइवेज बिल्डर फेडरेशन (एनएचबीएफ) एवं हाइवे ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचओएआई) जैसे प्रमुख उद्योग संघों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। सभी संबंधित पक्ष दिन की पाली के दौरान उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) संग्रह के लिए महिला कर्मचारियों को तैनात करने पर एकमत हुए हैं। बयान में कहा गया कि अब तक 5,100 से अधिक महिला कर्मचारी तैनात की जा चुकी हैं और निकट भविष्य में इस संख्या में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.88 अरब डॉलर बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा था। इससे पूर्व इस वर्ष 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था।

## तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी, जुटाएंगी 3,300 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने ऊर्जा क्षेत्र की ईस्टमैन ऑटो एंड पावर, कलपुर्जा विनिर्माता माइलस्टोन गियर्स और कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की कंपनी बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से कुल 3,300 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर नियामक ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। सेबी की भाषा में 'टिप्पणी' जारी करने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी मिलना होता है। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, ये तीनों कंपनियां मिलकर आईपीओ के जरिये 3,300 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में हैं। ईस्टमैन ऑटो एंड पावर का आईपीओ 1,800 से 2,000 करोड़ रुपये का होगा। प्रस्तावित आईपीओ नए शेयर जारी करने और बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा। माइलस्टोन गियर्स 1,100 करोड़ रुपये जुटाएगी, जिसमें 800 करोड़ रुपये नए शेयर और 300 करोड़ रुपये का ओएफएस है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष का रुपये की विनिमय दर, ईंधन महंगाई पर असर संभव: वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि पश्चिम एशिया संकट लंबे समय तक जारी रहने की स्थिति में रुपये की विनिमय दर पर दबाव पड़ सकता है और पेट्रोलियम एवं उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम भी बढ़ सकता है। वित्त मंत्रालय की फरवरी माह की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट कहती है कि सुरक्षित निवेश की ओर पूंजी का प्रवाह होने से मुद्रा पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमलों के बाद बढ़े तनाव के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित हो गई है। यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत संभालता है और क्षेत्रीय ऊर्जा अवसंरचना को नुकसान पहुंचने से वैश्विक ऊर्जा भू-राजनीति पर दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। इस संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग नौ प्रतिशत बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई है और एलएनजी की कीमतें भी लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत कच्चे तेल का बड़ा आयातक होने के बावजूद पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार, कम चालू खाते का घाटा और नियंत्रित मुद्रास्फीति के कारण बढ़ती वैश्विक कीमतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने में सक्षम है। हालांकि, यह संकट लंबा खिंचने की स्थिति में विनिमय दर, चालू खाते का घाटा और मुद्रास्फीति पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एलएनजी और कच्चे तेल पर निर्भर उर्वरक एवं पेट्रोरसायन जैसे क्षेत्रों पर भी इसका असर पड़ सकता है। रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी हुई है, जिसमें वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत और वास्तविक सकल मूल्यवर्धन वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3523 अंक 333 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in